बिहार प्रदेश के स्वैक्षिक संस्थओं के अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कौर्यरत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विषय-वस्तुगत आधारित उन्नमुखीकरण कार्यक्रम

स्थान :- 'लोकसेवायतन' ग्राम,पो0- नीमडीह, जिला- पश्चिमी सिंहभूम (बिहार)
अवधि :- 13 नवम्बर से 17 नवम्बर 1999 तक

प्रतिवेदन

सम्पादित
डॉ0 पुरूषोत्तम कुमार
कार्यक्रम समन्यवक
परिवीक्षण
श्री ईश्वर चन्द्र
प्रवक्ता सलेक्सन ग्रेड
मार्गदर्शन
प्रो0 अनिल चन्द्र बैनर्जी
विभागाध्यक्ष

अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली- 110016

विषय-सूची

परिशिष्ट (Appendix)

प्रस्तावना

भारत में प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के उदेश्यों की प्राप्ति हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रांयोजित अनौपचारिक शिक्षा योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में जो स्वैक्षिक संस्थाये कार्यरत है तथा इस प्रकार की स्वैक्षिक संस्थाये, जो प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं प्रायोगिक परियोजनाओं में कार्यरत हैं साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आर्थिक अनुदान प्राप्त करते है, अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली, प्रतिवर्ष उन स्वैच्छिक संस्थाओं के अनौपचारिक शिक्षा के निमित्त कार्यरत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु बहुत से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग रा.शै.अ.प्र.परिषद, स्वैक्षिक संस्थाओं के अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र मे कार्यरत वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के कार्यक्षमता के "आधार" को और सुदढ करता है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मुख्यतः पठन-पाठन सामग्रियों का विश्लेषण एवं उनका विकास, सहायक सामग्रियों का निर्माण, परीक्षण-प्रश्न तथा सिखने एवं मूल्यांकन के विभिन्न विधियों से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रस्तुत उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में बिहार राज्य के उन सभी स्वैक्षिक संस्थाओं को शामिल किया गया जो अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है तथा उन्हें मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त होते है। यह उन्नमुखीकरण कार्यक्रम 'लोकसेवायतन' नीमडीह जि० पश्चिमी सिंहभूम बिहार में दिनांक 13 से 17 नवम्बर 1999 तक सम्पन्न हुआ।

इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना को क्रियावान्वित करने वाले स्वैक्षिक संस्थाओं के, शामिल प्रतिनिधियों में परस्पर अनुभवों एवं जानकारियों का आदान-प्रदान हुआ। यह उन्नमुखीकरण कार्यक्रम उन सभी शैक्षिक समस्याओं, जो अनौपचारिक शिक्षा योजना को क्रियावान्वित करने में बाधा उत्पन्न करती है, की पहचान एवं उनके निवारण में सहायक सिद्व हुआ। साथ ही साथ प्रतिभागियों को वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा के बदलते स्वरूप में उनके भविष्य के योगदान से उन्हे परिचित कराया गया।

डॉ० पुरूषोत्तम कुमार कार्यक्रम समन्वयक ने कार्यक्रम प्रपत्रक के निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन निमित्त कार्यक्रम सूची के विकास एवं कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी शैक्षिक क्रियाकलापों, जिस में प्रतिवेदन तैयार करने एवं सम्पादन कार्य भी सम्मिलित है, श्री ईश्वर चन्द्र (प्रवक्ता सलेक्सन ग्रेड) के मार्ग दर्शन में सम्पन्न किया।

डॉ० पुरूषोत्तम कुमार, कार्यक्रम समन्वयक एवं श्री ईश्वर चन्द्र (जिन्होंने डॉ0 पुरूषोत्तम कुमार का इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन किया) मेरे विशेष धन्यवाद एवं हार्दिक प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होने इस उन्नमीखीकरण कार्यक्रम को बहुत ही उत्कृष्ट एवं क्रमबद्ध तरीके से सम्पन्न किया।

श्री दीपांकर राय, सचिव लोकसेवायतन, नीमडीह जिला पश्चिमी सिंहभूम (बिहार) को मैं हार्दिक धन्यवाद दूगां, जिन्होंने इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का शिक्षण-क्रम निदेशक रहकर प्रशिक्षण से सम्बन्धित सभी तरह की भैतिक सुविधायें उपलब्ध कराते हुए प्रतिभागियों के खाने- पीने एवं ठहरने की व्यवस्था बहुत ही उत्तम एवं प्राकृतिक वातावरण में किया।

किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता, कार्यक्रम समन्यवक के साथ-साथ उस प्रशिक्षण के संसाधन व्यक्तियों की कुशलता पर भी निर्भर करता है। इस लिए श्री निंकुज प्रकाश नारायण, उप-सचिव सह प्रामर्शदाता, अनौपचारिक शिक्षा, राज्य संसाधन केन्द्र पटना बिहार, श्री संजय कुमार, सायक निदेशक,जन-शिक्षा,

बिहार सरकार पटना,श्री चन्दन सेन 'अध्यक्ष' लोकसेवायतन, नीमडीह, जिला पश्चिमी सिंहभूम (बिहार) को मैं हार्दिक धन्यवाद दूंगा जिन्होंने इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में संसाधन-व्यक्ति के रूप में कार्य करके इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम को उत्कृष्ट एवं सफल बनाया । अन्त में विभिन्न संस्थाओं से आये हुए उन सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होने अपने अमूल्य जानकारियों एवं क्षेत्रीय अनुभवों को एक दूसरे से आदान-प्रदान एवं विचार-विमर्श करके इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम को सफल बनाया।

विशेष रूप से श्री एच.सी. चन्दोला, अनुभाग अधिकारी, श्रीमती सुषमा दर्शन, सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिनके द्वारा सभी तरह की प्रशासकिय सुविधाए उपलब्ध करायी गयी साथ ही श्री ओम प्रकाश ध्यानी, टंकक जिन्होंने निर्धारित समय के अन्दर ही प्रतिवेदन का कम्पयूटर टंकण कार्य पूरा कर दिया, इन लोगों को हार्दिक धन्यवाद देना अपना नैतिक कर्तव्य समझता हूं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह प्रतिवेदन अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी सिद्व होगी। पाठको से उनके अनुशंसा एवं राय की अपेक्षा रहेगी।

प्रो.अनिल चन्द्र बैनर्जी
विभागाध्यक्ष
अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग
एन.सी.ई.आर.टी.,
श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली-110016

बिहार प्रदेश के स्वैक्षिक संस्थाओं के अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विषय-वस्तुगत उन्नमुखीकरण कार्यक्रम

स्थानः-''लोकसेवायतन'' ग्रा.पो. - नीमडीह जिला- प. सिंहभूम (बिहार)

अवधिः- 13 से 17 नवम्बर 1999 तक

प्रतिवेदन

भूमिकाः-

अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) नई दिल्ली 110016, प्रत्येक वर्ष कई उन्नमुखीकरण कार्यक्रमो का आयोजन वैसी स्वैक्षिक संस्थाओ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के लिए करता है, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण नीति को क्रियान्वित करने के निमित्त अनौपचारिक एव वैकल्पिक शिक्षा, तथा नवाचार एवं प्रायोगिक परियोजना को चला रही है। साथ ही इन परियोजनाओं के सचालन हेतु उन्हे मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आर्थिक अनुदान प्राप्त होता है। अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग इन उन्नमुखीकरण कार्यक्रमो के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र मे कार्यरत स्वैक्षिक संस्थाओं को संसाधनयुक्त एवं मजबूती प्रदान करता है।

भारत सरकार की अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा योजना, सरल एवं प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना तभी सम्भव हो सकता है, जब कि स्वैक्षिक संस्थाओं के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा के सभी पहलुओं की जानकारी के साथ-साथ अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों का सचालन, अवलोकन एवं पर्यवेक्षण, न्यूनतम अधिगम स्तर की उपलब्धि, विषय-वस्तुगत शिक्षण पद्विति की जानकारी तथा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के बच्चों के उपलब्धियों का मूल्याकन आदि कार्यो को करने में प्रशिक्षित हों।

उपरोक्त मुद्दो को ध्यान में रखतें हुए अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त करने वाले बिहार राज्य के स्वैक्षिक संस्थाओं के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के लिए पांच दिवसीय, "आवासीय" (13 नवम्बर से 17नवम्बर 1999) विषय-वस्तुगत उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस उन्नमुखीकरण के अन्तर्गत पठन-पाठन सामग्रियों का विकास एवं विश्लेषण, सहायक सामग्रियों का उपयोग, परिक्षण-प्रश्न का विकास, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के बच्चों की उपलब्धियों का मुल्यांकण तथा शिक्षण प्रक्रिया को रूचिपूर्ण बनाने के तरीकों से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया। इस के अतिरिक्त प्रतिभागियों ने परस्पर एक दूसरे की जानकारियों एवं अनुभवों से लाभ उठाया।

उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के उदेश्य :- इस विषय-वस्तुगत उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के निम्नलिखित मुख्य उदेश्य थे।

1. भारत सरकार के अनौपचारिक शिक्षा योजना के क्रियान्वयन में कार्यरत स्वैक्षिक संस्थाओं के मध्य, उनके जानकारियो एवं अनुभवों के परस्पर आदान-प्रदान हेतु उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना।
2. केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा योजना को चलाने वाली स्वैक्षिक संस्थाओं के समक्ष आने वाली शैक्षिक समस्याओ एवं कठिनाइयों की पहचान करना।

3. शिक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली पठन-पाठन सामग्रियो का विश्लेषण तथा अनौपचारिक शिक्षा के अनुदेशको के लिए उपयुक्त सामग्रियो का विकास करना।

4. विषय-वस्तुगत शिक्षण पद्धति तथा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के बच्चों की दक्षता आधारित परिक्षणों के आधार पर उनकी उपलब्धियों के मूल्याकन के संदर्भ में प्रतिभागियो को प्रशिक्षित करना।

यह उन्नमुखीकरण कार्यक्रम मानव ससाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्मित न्यूनतम अधिगम स्तर प्रलेख एवं अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र मे कार्यरत परियोजना अधिकारी, निरीक्षक, एवं अनुदेशको के लिए, अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) नई दिल्ली द्वारा निर्मित प्रशिक्षण पैकेज पर आधारित था।

उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के प्रतिभागी:- इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग ने बिहार राज्य के पैतालिस (45) स्वैक्षिक संस्थायें जो अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने हेतु मानव संसाधन विकास मत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त करती है, को आमंत्रण-पत्र भेजा था। उन स्वैक्षिक संस्थाओ में से सैतीस (37) संस्थाओं ने अपने एक-एक प्रतिनिधि तथा एक स्वैच्छिक संस्था (पी.डी.टी.) ने अपने दो प्रतिनिधियों को भेजा था, जिस मे से अपने एक प्रतिनिधि का स्वयं उस संस्था ने खर्च वहन किया। उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेने आये सभी प्रतिभागी अपनी-अपनी संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता (अध्यक्ष, सचिव,परियोजना अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी, परियोजना समन्यवक)थे।

इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में डॉ. पुरूषोत्तम कुमार (कार्यक्रम समन्यवक)श्री ईश्वर चन्द्र, प्रवक्ता (सलेक्शन ग्रेड) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली 110016 के अतिरिक्त विशेष अतिथी के रूप मे एक तथा तीन (3)प्रतिभागी, ससाधन व्यक्तियो के रूप में अपना योगदान दिया।

विशेष अतिथी

1. श्री परसाददास गुप्ता
   परियोजना समन्यवक
   एम.एन.बी ई. संस्थान
   पो. माझीहीरा, जिला-पुरूलिया
   (प. बंगाल)

संसाधन व्यक्ति

2. श्री निकुज प्रकाश नारायण
   उप-सचिव सह परामर्शी
   अनौपचारिक शिक्षा, राज्य संसाधन केन्द्र
   पटना (बिहार)
3. श्री सजय कुमार
   सहायक निदेशक
   जन-शिक्षा बिहार सरकार
   पटना
4. श्री चन्दन रोन
   अध्यक्ष
   'लोकसेवायतन'
   पो - नीमडीह, जिला- प. सिंहभूम (बिहार)

डॉ0 पुरूषोत्तम कुमार, प्रवक्ता अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली-110016 ने इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के सभी शैक्षिक क्रियाकलापों का समन्वय किया। श्री ईश्वर चन्द्र प्रवक्ता, (सलेक्शान ग्रेड) ने पॉचों दिन इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम मे रहकर गणित विषय में संसाधन व्यक्ति के रूप में अपना योगदान दिया। इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों की सूची इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट - 8 मे सन्नहित है।

उद्घाटन सत्रः-

इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालीय शिक्षा विभाग (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) नई दिल्ली द्वारा पूर्व निर्धारित समय पर शुरू किया गया। प्रो. अनिल चन्द्र बैनर्जी, विभागाध्यक्ष (अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग) के निर्देशन एवं सहयोग से पूर्व मे ही कार्यक्रम-तालिका का निर्माण कर लिया गया था। यह उन्नमुखीकरण कार्यक्रम पूर्णतः आवासिय प्रकृति का था, जो प्रातः 8.30 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7.00 बजे तक चलता था।

श्री दीपॉकर राय, 'सचिव' लोकसेवायतन, नीमडीह जिला- प.सिंहभूम (बिहार) ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया, तत्पश्चात डॉ. पुरूषोत्तम कुमार,(कार्यक्रम समन्वयक) ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली की भूमिका तथा क्रिया-कलापों का (विशेषतः अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग)का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने इन उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा इस उन्नमुखीकरण के निर्धारित अवधि में उन उद्देश्यों को किस प्रकार प्राप्त किया जाएगा, इसको स्पष्ट किया। इस के पश्चात डॉ. कुमार ने अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली कुछ मुख्य कठिनाइयों का वर्णन किया जो निम्नलिखित हैं:-

1. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में विभिन्न आयुवर्ग के बच्चे एक ही स्थान एवं एक ही समय में साथ-साथ पढ़तें है। दूसरे शब्दों में कह सकते है कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के बच्चों की दक्षता-स्तर में एकरूपता नही होती दूसरी ओर औपचारिक विद्यालयों में लगभग समान आयुवर्ग तथा समान दक्षता-स्तर वाले बच्चे एक कक्षा में पढ़तें हैं।
2. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के बच्चों की पढ़ने की अवधि (दो या तीन घंटे प्रतिदिन)होती है जो कि औपचारिक विद्यालयों के बच्चों की पढ़ने की अवधि से बहुत ही कम है।
3. पाठन प्रक्रिया में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चों को उनके अभिभावकों का सहयोग बहुत ही कम मिलता है, कारण कि ये बच्चें प्रथम पीढ़ी के छात्र होते है।
4. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अधिकतर बच्चें अपने अभिभायकों के कार्यो में हाथ बटाते है, इसलिए इनके गृह -कार्य (अनुदेशकों द्वारा दिया गया) के पूर्ण होने की संभावना बहुत कम होती है।
5. औपचारिक विद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के अनुदेशकों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण निम्न होता है।
6. औपचारिक विद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशकों का वेतन/मानदेय बहुत ही कम होता है, जब कि कार्यो का बोझ बहुत ज्यादा होता है।

इन कमियों के बावजूद भी अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चों से उन दक्षताओं की अपेक्षा की जाती है, जो कि उन्हीं के स्तर पर पढ़ रहें औपचारिक विद्यालयों के बच्चों में विद्यमान होती है। इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का उपरोक्त प्रकरण, एक प्रमुख बिन्दु रहा।

इन कठिन प्रकरणों को दूर करने के लिए अनौपचारिक शिक्षा में कुछ सुविधाएं भी वर्तमान है। उदाहरण के लिएः-

1. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चों में औपचारिक विद्यालयों के बच्चों की तुलना में अधिक आत्म विश्वास होता है, कारण कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चों को विभिन्न प्ररिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव होता है। यही कारण है कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चें सीखने की प्रक्रिया में अधिक सामर्थ होते है और शीघ्र सीख जाते हैं।

2. औपचारिक विद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशकों को बाहर से अधिक सहयोग मिलते रहते हैं। उन्हें पर्यवेक्षक/ परियोजना अधिकारी, जन-समुदाय से शैक्षिक एवं अन्य सुविधाएं मिलती रहती है।

3. औपचारिक विद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशकों को प्रशिक्षण/उन्नमुखीकरण की अधिक सुविधाएं मिलती रहती हैं।

4. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशकों को समय-समय पर पर्यवेक्षकों/परियोजना अधिकारियों द्वारा बना-बनाया पठन-पाठन सामग्रि उपलब्ध होती है, जबकि औपचारिक विद्यालयों के शिक्षकों को बहुत कठिनाई से प्राप्त होता है।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण लक्ष्य प्राप्ति की चुनौती को स्वीकार करते हुए, वर्तमान परिस्थितियो का सही रूप से उपयोग किस प्रकार किया जाए, यही राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का मुख्य लक्ष्य बन गया है।

श्री ईश्वर चन्द्र, प्रवक्ता (सलेक्शन ग्रेड) ने अपने उद्घाटन-भाषण में भारत सरकार द्वारा चलाई गई बहुत सी जन - कल्याण योजनाए जैसे - अनौपचारिक शिक्षा, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम, दोपहर का भोजन योजना इत्यादि के असफल होने पर क्षोभ व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा नीति के संदर्भ मे निकट भविष्य में होने वाले परिवर्तनों का उल्लेख किया जो निम्नलिखित हैः-

1. अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम को सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत लाया जाएगा। इसके अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धि सभी शिक्षा कार्यक्रम जैसे- औपचारिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, वैकल्पिक शिक्षा, टी.एल.सी., मध्यावकाश भोजन योजना, डी.पी.ई.पी., ओ.बी. इत्यादि आयेंगे। सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत अनौपचारिक शिक्षा का नाम ' वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा रखा जाएगा।

2. अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के प्रगति में बाधक कमियों को हटाया जाएगा।
3. अनौपचारिक शिक्षा को प्राथमिक (कक्षा - 5) स्तर से बढ़ाकर उच्च प्राथमिक (कक्षा'8) स्तर तक बढ़ाया जाएगा
4. अनौपचारिक शिक्षा/वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा को समानांतर शिक्षा के रूप में औपचारिक शिक्षा के समान स्वीकार किया जाएगा।
5. प्रत्येक बालक औसतन वार्षिक खर्च रू. 1100/- से रू. 1300/- के बीच होने की संभावना है।
6. प्रशासनिक दृष्टि से इसका विकेन्द्रीकरण जिला स्तर तक किया जाएगा।
7. पूरे शिक्षा कार्यक्रम का प्रशासनिक अवलोकन एवं मूल्यांकन कार्य एक ही सामान्य संस्था करेगी।
8. अनौपचारिक शिक्षा और औपचारिक शिक्षा दोनो को समान रूप से वित्तीय सहायता दी जाएगी।
9. परियोजना के उद्देश्यों को युद्धस्तर पर निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा।
10. अनौपचारिक शिक्षा एवं औपचारिक शिक्षा, दोनो का उद्देश्य बच्चों को आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त करना है।
11. तथ्य यह है कि सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं दोनो को मिलकर शिक्षा के विस्तार के लिए कार्य करना है।
12. शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाएगा।
13. जन-जातिय गॉव/बस्तियों में यदि औपचारिक विद्यालय खोलना आर्थिक रूप से संभव नही है, वहॉ शैक्षिक संस्थाएँ, वहॉ के लोगों की शिक्षा की कमी को अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों के द्वारा पूरा करेंगी।
14. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के अनुदेशको को अब "अर्धशिक्षक" कहा जाएगा तथा उनको 1000रूपए प्रति माह मानदेय दिया जाएगा।
15. मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता देने के लिए मौजूद स्वैच्छिक संस्थाओं की समीक्षा चल रही है।
16. स्वैच्छिक संस्थओं का अपना कार्य, लगन पूर्वक करना होगा साथ ही अपने निष्पादन एवं उत्तरदायित्वों को तेजी से बढाना होगा।
17. सामान्य स्थितियों में स्वैच्छिक संस्थओ को 5 या 6 वर्ष से अधिक समय के लिए अनुदान नहीं दिया जाएगा, उन्हें स्वयं के वित्तीय साधनों को बढाने होगें साथ ही अनुदानों की प्राप्ति में आने वाली बाधाओं एवं कठिनाइयों को खत्म किया जाएगा।
18. कठोर नियमों एवं जॉच से गुजरने के बाद ही नवाचार एवं प्रायोगिक परियोजनाओं को चलाने की अनुमति मिल पाएगी।

19. अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशको की नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता एस.एस.एल.सी. होगी। नए नियुक्त किए गए अनुदेशकों को 30 दिन का प्रशिक्षण, उनके अपने खर्च पर दिया जाएगा।

20. अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों का चयन एवं नियुक्ति ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा किया जाएगा। स्वैच्छिक संस्थाओं को अपनी मर्जी से अनुदेशकों की नियुक्ति करने की अनुमति नही दी जाएगी।

21. स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा की गयी छोटी सी गलती के परिणामस्वरूप उनको मिलने वाले अनुदान को समाप्त किया जाएगा। जो संस्थाए इमानदारी से अपने कार्यों को करेगी, उनके लिए अनुदान की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए उनके परेशानियों को दूर किया जाएगा।

22. अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के अवलोकन एवं निगरानी के लिए ग्राम समुदाय को व्यवहारिक रूप से सम्मिलित किया जाएगा।

23. अनौपचारिक शिक्षा और औपचारिक शिक्षा के बच्चों की आठवीं कक्षा की परिक्षा एक ही स्तर पर, एक ही साथ होगी, अथवा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चें, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले आठवीं कक्षा की परीक्षा दे सकते हैं।

24. औपचारिक विद्यालयो के शिक्षको को अनौपचारिक शिक्षा के क्रियाकलापों में भी सम्मिलित होना होगा।

25. अनौपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत उच्च्य प्राथमिक केन्द्रो के अनुदेशकों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बारहवी कक्षा (इंटर मीडियट) पास होगी।

अनौपचारिक शिक्षा के परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं अनुदेशकों के उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यः-

डॉ. पुरूषोत्तम कुमार ''कार्यक्रम समन्वयक'' ने अनौपचारिक शिक्षा के कार्यकर्ताओं के उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों पर विवेचना प्रारंभ किया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा बनाए गए परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं अनुदेशक संदर्शिकाओं के आधार पर उन्होंने श्यामपट पर अनौपचारिक शिक्षा के कार्यक्रताओं के उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों की सूची बनाई। तदोपरांत प्रतिभागियों ने तीन समूहों में बैठकर कार्यक्रम समन्वयक द्वारा लिखी गई सूची पर विचार विमर्श किया एवं उस सूची में यदि कोई उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य रह गया तो उसे सम्मिलित किया । परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं अनुदेशक के उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों की सूची का अतिंम रूप परिशिष्ठ -1 में दिया गया है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में स्वैक्षिक संस्थाओं की सभी प्रशासकीय समस्याओं पर चर्चा नही की जा सकी। यद्यपि मानव संसाधन विकास मंत्रालय से अनुरोध किया गया था कि वो अपने एक प्रतिनिधि को कम से कम एक दो दिन के लिए इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में भेजे, फिर भी किसी कारण से मंत्रालय ने स्वैक्षिक संस्थाओं की समस्याओं पर विवेचना के लिए किसी भी प्रतिनिधि को नहीं भेजा।

स्वैक्षिक संस्थओं की शिकायतों में मुख्य शिकायत यह थी कि मानव संसाधन विकास मत्रालय से परियोजना के स्वीकृत हो जाने के बाद भी अनुदान मिलने में बहुत कठिनाई होती है। स्वैक्षिक संस्थाओं को मंत्रालय का कई कई बार चक्कर लगाना पडता है, जिसके कारण आर्थिक एवं परियोजना शुरू करने में परेशानी होती है। अधिकतर प्रतिभागी यह चाहते थे कि अनौपचारिक शिक्षा के कार्यकर्ताओं का वेतन/मानदेय निम्नलिखित होना चाहिए।

अनुदेशक	---- रू. 1000/- प्रतिमाह
पर्यवेक्षक	----- रू. 1750/- प्रतिमाह
परियोजना अधिकारी	------ रू 5500/- प्रतिमाह

कुछ स्वैक्षिक संस्थाए चाहती थी कि हर 50 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो के लिए एक नया कार्यकर्ता (सहायक परियोजना अधिकारी) की नियुक्ति की जाए जिसका वेतन/मानदेय रू. 4000/- प्रतिमाह हो।

अनुभवों का आदान प्रदानः-

इस सत्र के अन्तर्गत प्रतिभागियों ने अपनी अपनी स्वैक्षिक संस्थाओं के क्रियाकलापों एवं अनुभवों को प्रस्तुत किया। परन्तु समयाभाव के कारण प्रतिभागी अपनी-अपनी संस्थाओं के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी नहीं दे पाए। अनौपचारिक एवं वैकलिपक विद्यालयी शिक्षा विभाग (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) ने "स्वैक्षिक संस्थओं की वस्तु स्थिति" परफोर्मा बनाकर पहले ही स्वैक्षिक संस्थाओं को भेज दिया था। साथ ही संलग्न पत्र में लिख दिया गया था कि उक्त उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उस परफोर्मा को सही सही भर कर अपने साथ लाना है। इसके बावजूद भी कई प्रतिभागी उस परफोर्मा को ठीक तरह से भरकर नही लाए थे और न कार्यक्रम की अवधि में भर पाए, कारण कि प्रतिभागियों के पास उनके स्वैक्षिक संस्थाओं के संपूर्ण क्रियाकलापों की जानकारी उपलब्ध नही थी। इस सत्र के अन्त में सभी प्रतिभागियों को सूचित कर दिया गया कि इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम को पूरा करके प्रतिभागी अपने अपने संस्थाओं में जाकर उक्त परफोर्मा को सही सही भरकर डाक द्वारा अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग को जल्द से जल्द भेज दें। कुल मिलाकर इस सत्र में सभी प्रतिभागियों को स्वयं के अनुभवों एवं जानकारियों के आपसी आदान- प्रदान से बहुत लाभ हुआ। प्रतिवेदन तैयार करने तक संख्या ,33,34,35, 36, 37और 38 (प्रतिभागी संस्थाओं की सूची संख्या अनुसार) स्वैक्षिक संस्थाओं के वस्तुस्थिति परफोर्मा, अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग को प्राप्त नही हुआ था। प्रतिभागी संथाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी परिशिष्ट -3 में दी गई है।

प्राथमिक स्तर पर सीखने का न्यूनतम स्तरः-

श्री ईश्वर चन्द्र , प्रवक्ता (सलेक्शन ग्रेड) अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद जो कि इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में एक संसाधन व्यक्ति थे, सीखने के न्यूनतम स्तर की विवेचना की। उन्होने बताया कि सीखने के न्यूनतम स्तर के निर्धारण की आवश्यकता का उद्‌गम, इस बुनियादी उददेश्यो से हुआ कि सभी बच्चों को चाहे वो किसी भी धर्म, जाति, स्थान के हो, लडका हो या लडकी एक समान स्तर की शिक्षा दी जानी चाहिए। न्यूनतम अधिगम स्तर सम्बधी कार्यो की पृष्ठ-भूमि मे नीति-निर्धारण का केन्द्रबिन्दु वर्तमान विषमताओ को दूर करना है। यह हमारा प्रयास है कि समाज के असुविधाग्रस्त तथा वंचित वर्ग के बच्चों (बीच में पढाई छोड देने वाले, कही न कही मजदूरी करने वाले बच्चे, लडकियॉ, विशेषकर वे बच्चे जिनको कम से कम निकट भविष्य में, संरचित शिक्षा के अन्तर्गत मात्र प्राथमिक शिक्षा का ही अवसर मिल सकेगा) की विकासात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गुणवक्ता को समता से जोड दिया जायें।

सामान्यतः न्यूनतम अधिगम स्तरों का उल्लेख उन अपेक्षित अधिगम-प्रतिफलो के रूप में किया जाता है, जो प्रक्षेणीय अंतिम व्यवहार के रूप में परिभाषित कियें जाते है। साथ ही न्यूनतम अधिगम स्तरो को उन अधिगम दक्षताओं के अर्थ मे भी निरूपित किया जा सकता है जिन में, किसी विशेष कक्षा या शिक्षास्तर के अन्त में, प्रत्येक बच्चे द्वारा पूर्ण दक्षता की प्राप्ती अपेक्षित है। विषय-वस्तु निवेश का निर्वारण या अधिगम के विशिष्ट मापो की योजना बनाते समय, प्रत्येक दक्षता के आगे उप-दक्षता के रूप में निरूपण किया जा सकता है।

प्रत्येक शिक्षा स्तर की समाप्ती पर बच्चों को क्या सीख लेना चाहिए था, इसकी मुख्यतः तीन संदर्भो में व्याख्या की जा सकती है।

1. *यह अपेक्षा की जाती है कि सुनिश्चित अधिगम स्तरो के निर्धारण से, प्रणाली में दिशाबोध तथा अधिक* उत्तरदायित्व की भावना आयेगी।

2. यह आशा की जाती है कि विद्यालयों की उन्नति में न्यूनतम अधिगम स्तर एक साधन के रूप में काम करेगी। वास्तव में किसी विद्यालय या शिक्षा प्रणाली की गुवत्ता को वहॉ के छात्रो की कार्य योग्यता के आधार पर परिभाषित करना चाहिए।

3. अक्सर यह देखा गया है कि अधिकतर सरकारी एवं नगरपालिका पाठशालाओं में बच्चें पॉच वर्ष पढने के बाद भी वे अपनी पाठय पुस्तको को आसानी से पढ नही पाते। ये बात भी सत्य है कि उनमे से बहुत से बच्चों को प्राथमिक स्तर से आगे पढने का मौका नही मिल पाता है। वो जो कुछ भी यहॉ सीखते है वही उन के व्यक्तित्व का निर्धारण करेगा। इसलिए यह अनिवार्य हो जाता है कि शिक्षा प्रणाली यह निश्चित करे कि बच्चों का ये मूल्यवान पॉच वर्ष व्यर्थ न जाए, साथ ही सभी बच्चे, चाहे वो किसी भी परिस्थिति से आये हो या किसी भी प्रकार के विद्यालयों मे पढे हो, प्राथमिक शिक्षा समाप्त करने से पहले, अधिगम के एक न्यूनतम स्तर तक पहुच सके। फलस्वरूप वे स्थाई रूप से शिक्षित समाज के लिए उपयोगी व्यक्ति बन सकें।

सम्पूर्ण प्राथमिक स्तर के लिए तीन विषयों- भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन के लिए न्यूनतम अधिगम स्तर निर्दिष्ट है, जो परिशिष्ट-2 में है।

व्यवहारिक रूप में न्यूनतम अधिगम स्तर तक पहुचने में कितना समय लगेगा, वो इस बात पर निर्भर करता है, कि बच्चे की सीखनें की गति क्या है। वहीं कुछ कारको (जैसेः- उम्र, पिछला अधिगम अनुभव और विद्यालय में तथा उससे बाहर सीखने में लगाया गया समय) पर, बच्चों की सीखने की गति निर्भर करती है।

इसलिए यह माना जा सकता है कि अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली या प्राथमिक शिक्षा के किसी भी अन्य वैकल्पिक प्रणाली के लिए, एक ही अधिगम स्तर निर्धारित किया जाए। वास्तव में, अधिगम स्तर निर्धारण के इस कार्य से, जिस का सम्बन्ध प्राथमिक विद्यालय के पाठयक्रम एवं विषय-वस्तु से नही बल्कि, कार्यात्मक प्रासंगिकता वाले कौशलों तथा दक्षताओं के रूप में अपेक्षित अधिगम प्रतिफलों के निर्धारण से है। ऐसे प्रश्नों का युक्तिसंगत उत्तर प्राप्त करने में सहायता मिलनी चाहिए, जिस का सम्बन्ध औपचारिक प्राथमिक विद्यालयों तथा वैकल्पिक प्रतिरूपो (मॉडलों)के अधिगम स्तरों की तुलना से है। इसलिए, अनौपचारिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय के प्रतिमानों (नॉर्म) के अनुरूप है या नही, यह प्रश्न ही समाप्त हो जाता है, किन्तु जो प्रश्न उठ खडा होता है, वह अधिगम के निर्धारित स्तरो को उपलब्ध करने के विभिन्न प्रतिरूपों और कार्य प्रणालियों की व्यवहार्यता का है। तदोपरान्त हमारा सम्पूर्ण ध्यान, अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली के तर्कगत सम्बन्धी शकाओं से हटकर विभिन्न प्रतिरूपों की अवधि, गुणवक्ता तथा अध्यापन प्रक्रियाओ से सम्बन्धित प्रश्नों की ओर चले जाते है जिनका अर्थ है वे निवेश (इनपुट) जिनकी आवश्यकता यह सुनिश्चित करने के लिए होती है कि सभी शिक्षार्थी निर्धारित अधिगम स्तरों तक प्रभावी ढंग से पहुंच जाएँ।

न्यूनतम अधिगम स्तर के निरूपण करने की तत्कालिक प्रक्रिया,पाठय-क्रम मात्र क्षेत्र के भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन (सामाजिक अध्ययन एवं विज्ञान) तक ही सीमित है। हालांकि प्राथमिक शिक्षा के लिए ये अत्यन्त आवश्यक विषय है, फिर भी शारीरिक शिक्षा, कार्य अनुभव, संगीत तथा कला शिक्षा को सम्पूर्ण पाठय-क्रम से अलग नही किया जाना चाहिए। इसी प्रकार पाठय-क्रम के असंज्ञात्मक क्षेत्र जितनें आवश्यक है उतने ही संज्ञात्मक क्षेत्र भी।

पठन-पाठन प्रविधि:-

1. भाषा:- प्राथमिक स्तर की पाठ्चर्या मे भाषा का बडा महत्व है। भाषा के सीखने से जो मूलभूत कौशल अर्जित किए जाते है, वे अन्य क्षेत्रो की संकल्पनाओ को समझने, सीखने में भी सहायता करते हैं । इसके अतिरिक्त भाषा के प्रमुख नौ मूल कौशल जैसे- सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना, सुनकर एव पढ़कर विचारों को समझना, व्यावहारिक व्याकरण, स्व-अधिगम, भाषा प्रयोग तथा शब्द भंडार पर अधिकार(इसका विस्तृत विवरण परिशिष्ट 2 में है) छात्र के व्यक्तित्व निर्माण एवं उसके दैनिक जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी संप्रेषण करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है।

प्राथमिक स्तर पर भाषा-अधिगम के निम्नलिखित उदेश्य है:-

1. समझते हुए सुनना
2. औपचारिक एवं अनौपचारिक वार्तालाप में प्रभावी ढंग से बोलना।
3. समझते हुए पढना एवं विभिन्न प्रकार की शैक्षिक सामग्री को रस लेते हुए पढना।
4. तार्किक क्रम एवं मौलिकता के साथ साफ- साफ लिखना।
5. सुनकर एवं पढकर विचारों को समझना।
6. विभिन्न संदर्भो में व्याकरण का प्रकार्यात्मक प्रयोग करना।

भाषा-अधिगम को एक रूचिकर-प्रक्रिया बनाने के लिए विद्यालयों में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के मनोरंजक कार्यकलापो का आयोजन किया जाना चाहिए, जैसे:- घटनाओं का वर्णन, सामूहिक विचार-विमर्श, कहानियॉ सुनाना, अभिनय, प्रश्नोत्तरी, पहेली प्रतियोगिता, चुटकुले, गीत, शब्दो के खेल, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि। मनोरंजक बाल पुस्तको के पठन, चित्रमय कोष के अध्ययन तथा सभी सहपाठियों के बीच सामूहिक कार्यकलापों को बढावा देकर, छात्रो मे स्वतः अधिगम के कौशल एवं भाषा के व्यावहारिक प्रयोग को भी विकसित किया जाना चाहिए।

श्री संजय कुमार (सहायक निदेशक, जन शिक्षा बिहार सरकार, पटना)ने इन उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में हिंदी भाषा के पठन पाठन के निमित्त एक संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य करते हुए कहा कि बच्चों को भाषा बोलने के क्रम मे समाज एवं समुदाय की अहम भूमिका होती है। यदि किसी बच्चे को शुरू से ही जानवरो के बीच रखा जाये तो वो जानवर की भाषा बोलने लगेगा। उन्होंने बताया कि भाषा व्यक्ति द्वारा स्वच्छन्द स्वर को प्रस्तुत करने की एक प्रणाली है, जिसके आधार पर व्यक्ति क्रिया-प्रतिक्रिया करते है। भाषा मनुष्य एवं जानवरो में अन्तर स्पष्ट करती है।

उन्होने कहा कि जब हम बच्चों को कोई कहानी सुनाते है, यदि उस के साथ-साथ उस कहानी से सम्बन्धित चित्र भी दिखाए तो बच्चों में पढने की सवेदना जागृत होती है। पढने की आदत अच्छे शिक्षण के लिए प्रमुख प्रेरक होता है। श्री संजय कुमार ने आगे बतलाया कि आप बच्चो को एक कहानी सुनाए जब कहानी आधी रह जाए तो बच्चों से कहे कि बाकी बची कहानी को किताब से पढकर पूरा करो ।

उन्होंने भाषा पढाने की चार विधियों की व्याख्या की

1. अक्षर विधि - (अक्षरों को एक एक करके पढाना)
2. देखो और बोलो विधि- इस विधि में बच्चों को चित्र दिखाया जाता है एवं बच्चे उसको समझकर बोलते है।
3. शब्द विधि-इस विधि में बच्चों को दो अक्षरो से बने हुए शब्दो को पढाते हुए धीरे धीरे तीन चार अक्षरों से बने शब्दों को पढाते है। इस प्रक्रिया से बच्चे अर्थपूर्ण शब्दों को आसानी से याद कर लेते है।
4. वाक्य विधि- इस विधि के अन्तर्गत बच्चों को अक्षर और शब्दो से पहले वाक्यों को पढाया जाता है।

श्री संजय कुमार ने लेखन-विधि पढाने के संदर्भ में बताते हुए कहा कि बच्चों को सर्वप्रथम कुछ चिडिया, जानवर, फल, फूल इत्यादि का चित्र दिखाएं और बच्चों से कहें कि अपनी स्लेट या कापी पर चित्र में दिखाए वस्तु का नाम लिखे। तदोपरान्त बताये कि उनकी लिखावट किस प्रकार अच्छी होगी। अच्छी लिखावट के लिए अक्षरों में स्पष्ट घुमाव, आकार में समानता, दो अक्षरों के बीच की जगह, दो शब्दो के बीच की जगह, दो रेखाओ के बीच की जगह, अक्षरों के बारे में सही उन्नमुखीकरण, शब्द, लाइन, व्यक्ति, लिखावट में स्थाइत्व के साथ लिखना सीखाना चाहिए। तदोपरान्त बच्चों को उनके पढे हुए अनुच्छेदों में से श्रुतलेख लिखने का अभ्यास कराना चाहिए। कथन की गति नियंत्रित करने के लिए टेपरिकार्डर का उपयोग भी किया जा सकता है। बच्चों में अच्छी लिखावट के साथ-साथ सही अक्षर-विन्यास का होना विषेश महत्व रखता है।

बच्चों में शब्द-भंडार बढाना भाषा के पठन-पाठन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस दिशा में निम्नलिखित क्रिया- कलाप, शब्द भंडार बढाने में निश्चित ही सहायक सिद्ध होंगे।

1. अक्षर-विन्यास खेल
2. अन्ताक्षरी या अन्ताक्षरी प्रतियोगिता
3. दिए गये अक्षरो को इस प्रकार व्यवस्थित करके लिखना कि सार्थक शब्द बन जाए।
4. दिए गए शब्दों के खाली स्थान को उपयुक्त अक्षरों से भरना।

2. गणितः- प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण का एक प्रमुख उदेश्य बच्चों को अंकीय एवं स्थानिय समस्याओं को शुद्धता एवं शीघ्रता के साथ हल करने योग्य बनाना है जिस का सामना वे घर, विद्यालय एवं समुदाय में करते हैं। इस स्तर पर प्राथमिक गणित ऐसा होना चाहिए जो बच्चों में अपने भौतिक एवं तात्कालिक पर्यावरण से प्राप्त अनुभवो के आधारभूत गणितीय प्रत्ययो की समझ के विकास में सहायक हो सकें और स्थूल से सूक्ष्म एवं सामान्य से विशिष्ट की ओर लेजाकर बच्चों में समझ विकसित कर सकें।

प्राथमिक स्तर समाप्त करने पर बच्चा इस योग्य हो जायें कि:-

1. सही एवं शीघ्रता से गणना कर सकें
2. तर्कसगत रूप से अच्छा अनुमान व सही माप कर सकें
3. मौखिक कथनों को समुचित चिन्हों का प्रयोग करते हुए गणितीय शैली में रूपान्तरित कर सकें।
4. तालिका, रेखा चित्रो, घडियों व कलेन्डरों को देख कर समझ सकें।

5. गणितीय समस्याओं पर तार्किक रूप से सोच सकें।
6. दिये गये परिमाणों के आधार पर रेखा चित्र व आकृतियॉ बना सकें।
7. दैनिक जीवन की सरल समस्याओं को गणितीय प्रत्ययों के प्रयोग से सुलझा सके।

प्राथमिक स्तर पर गणित पढाने के उददेश्यों के आधार पर गणितीय दक्षताओं को निम्नलिखित पॉच क्षेत्रों के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

1. पूर्ण संख्याओं एवं संख्यॉकों को समझना।
2. पूर्ण संख्याओ को जोडने, घटाने, गुणा व भाग करने की योग्यताओं के साथ-साथ गुणनखण्ड, लघुत्तम एवं महत्तम करने की योग्यता।
3. मुद्रा, लम्बाई, भार, धारिता, क्षेत्र एवं समय की, इकाइयों को उपयोग करने व इनसे सम्बन्धित दैनिक जीवन की साधारण समस्याओं को हल करने की योग्यता।
4. भिन्न, श्दशमलव एवं प्रतिशत का प्रयोग करने की योग्यता।
5. ज्यामितीय आकारों एवं स्थानिक सम्बन्धों को समझना।

उपरोक्त दक्षतायें विस्तृत रूप से परिशिष्ट 2 में उल्लेखित है।

श्री ईश्वर चन्द्र ने गणित विषय के संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य करते हुए प्राथमिक स्तर पर गणित के सम्पूर्ण विषय-वस्तु को तीन भागों में विभाजित किया:-

क. संख्या पद्वतिः- पूर्ण संख्या, चार आधारभूत क्रियाये (जोड, घटाना गुणा एवं भाग)गुणनखण्ड, गुणक, मौलिक संख्या, लघुत्तम, महत्तम, भिन्न, दशमलव, प्रतिशत, औसत।

ख. मापः- धन, लम्बाई, भार, क्षमता, समय, क्षेत्र।

ग. अवकाशिक प्रत्ययः- बिन्दु, आयताकार, रेखा खण्ड (भाग) वर्गाकार, वृत्त, त्रिभुज।

श्री ईश्वर चन्द्र ने गणित पठन-पाठन प्रविधी के लिए निम्नलिखित सुझाव दियें।

क. किसी विशेष दक्षता को पढाने के लिए प्रयुक्त सामग्री को प्रस्तुत करने से पहले इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि प्रस्तुत दक्षता के पूर्व की दक्षताओं की जानकारी बच्चों में हो। पूर्व दक्षताओं की जानकारी हेतु परिक्षाओं का प्रयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए बच्चों को जोडना सिखने के पहले उन्हें गिनतियों एवं संख्याओं के स्थानीय मानो का ज्ञान हो।

निम्नलिखित प्रकार के लिखित/मौखिक प्रश्नों को बच्चों से पूछा जा सकता है।

1. कौन सी संख्या 16 के बाद आती है।
2. कौन सी संख्या 23 के पहले आती है
3. 59 और 73 में से कौन सी बडी संख्या है
4. 87 से 95 तक की सभी संख्याओं को लिखे
5. 97 और 105 के बीच में कितनी पूर्ण संख्याएं आती है
6. निम्न लिखित संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें
   60,74,28,37,92,9,49,29,68
7. 2806 में 8 और 0 का स्थानीय मान क्या है।
8. 50512 मे दोनों 5 के स्थानीय मान में क्या अन्तर है।

ख. बच्चों को किसी दक्षता को सिखाना, बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि शिक्षक/अनुदेशक, बच्चों के समक्ष उस दक्षता की प्रस्तुती किस प्रकार करते है। यदि इस दक्षता की प्रस्तुती जिवन्त (बच्चों के व्यवहारिक जीवन, परिस्थितियों तथा दूसरी दक्षताओं से जुडा) होगा तो बच्चों को इस की आवश्यकता महसूत होगी तथा उसे सिखने के लिए प्रेरित होगें। यदि ऐसा नही हुआ तो बच्चे बोर हो जायेगें तथा उस दक्षता को सीखने के प्रति अभिरूचि खत्म हो जायेगी। उदाहरण के लिए गिनने की दक्षता सिखाने के लिए निम्नलिखित तरीके से परिस्थिति निर्माण किया जा सकता है।

कल्पना कीजिए कि हमने बिस्कुट का एक पैकेट खरीदा जिस में 10 बिस्कुट थे। उस बिस्कुट के पैकेट को एक कक्षा में ले गये जहॉ 25 बच्चे पढते है। यदि मैं प्रत्येक बच्चे को एक एक बिस्कुट देना चाहूं तो हमें और कितने बिस्कुट खरीदने पडेगें जिससे कि सभी बच्चों को एक एक बिस्कुट मिल जाये।

ग. सम्पूर्ण न्यूनतम अधिगम स्तर की प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए किसी खास दक्षता से जुडे पाठय-क्रम एवं पाठय-क्रम के विषयों का पूर्ण विश्लेषण करना चाहिए। पठन-पाठन सामग्रियों में दिए गए प्रत्येक विषय-वस्तु, चित्र/तालिका/नक्शा/रेखा चित्र इत्यादि के कार्य के सम्बन्ध में आपको जानकारी होनी चाहिए। आप की सारी व्याख्यायें, उपलब्ध स्थानीय वस्तुओं की सहायता से होनी चाहिए। उदाहरण के लिए बच्चो को जोडने के विषय को समझाने के लिए उन्हें ये समझाए कि जोडने का अर्थ ''समतुल्य वस्तुओं को मिलाकर इन की कुल संख्या को गिनना है'' मान लीजिए हमें 3 तथा 5 को जोडना बताना है तो हम कोई भी 3 वस्तु (स्थानीय वस्तु)जैसे 3 पेन्सिल और 5 पेन्सिलों को लेकर मिला देगे, फिर कुल पेन्सिलो की संख्या को गिनेगें क्योकि हमारे पास 8 पेन्सिल है। अब आप बच्चों को बता सकते है कि 3+5=8 होगा।

घ. प्रत्येक दक्षता के लिए बच्चों द्वारा दक्षता को सीखने के क्रम में की गई गल्तीयों की एक सूची बनानी चाहिए। उदाहरण के लिए जोडने के क्रम में बहुत से बच्चें ''हासिल'' को जोडने में गलती कर जाते है या जोडना भूल जाते है।

ङ.- प्रायः शिक्षा प्रक्रिया को इस प्रकार बनाना चाहिए कि बच्चों द्वारा गलतियॉ न हो। इस उदेश्य की प्राप्ति के लिए समतुल्य विषय-वस्तु दक्षताओं को सिखाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सम्भावित गल्तीयों को दूर करने के लिए विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्रियों जैसे - नक्शे, कहानियॉ, खेल तकनीक, तालिका, रेखा चित्र, चित्र आदि का प्रयोग करना चाहिए।

उदाहरण के लिए जोडने में हासिल की गल्ती को दूर करने के लिए निम्नलिखित तरीके का उपयोग करना चाहिए। मान ले हमें दो संख्या 28 और 39 को जोडना बताना है-

28 + 39 = ?

28 --> 2दहाई 8 ईकाई --> 0 0 x x x x
x x x x

39 -->3 दहाई 9 ईकाई --> 0 0 0 x x x x
x x x x x

(प्रत्येक 0 दहाई है तथा प्रत्येक x ईकाई है)

अब इन सभी को मिला दें, और कुल दहाई और इकाईयों को गिनें।

0 0	X XXX	0 0 0 xxx	हासिल 1
0 0 0	XXXX	-------> 0 0 0 XXXX	28
	XX XX		
	XXXXX		39
5दहाई	17 ईकाई		67

(इस बात पर जोर दिया जाए कि एक दहाई, दस इकाईयो को मिलाने से बनती है)

टिप्पणी:- इस बात को बच्चों को समझायें कि जब कभी भी 10 या उस से अधिक इकाई हो तो 10 वस्तुओं का एक समूह बनेगा, जो कि दहाई के समूहो के साथ मिला दिया जाता है।

अर्थात- 28+39=67

च. विभिन्न दक्षताओं के पठन-पाठन के लिए मनोरंजक सामग्रियों का प्रयोग करना चाहिए। उदाहरण के लिए जोडना सिखाने के लिए, दिए गए जादुई वर्ग में खडा वर्ग में अंकित अकों का योग तथा पडा वर्ग में अंकित अंकों का योग बच्चों से पूछ सकते है।

36	15	30
21	27	33
24	39	18

कर्ण वर्ग

626	633	610	617	624
632	614	616	623	625
613	615	622	629	631
619	621	628	630	612
620	627	634	611	618

खडा वर्ग

पडा वर्ग

बच्चों को यह जानकार बहुत अच्छा लगेगा कि जादुई वर्ग की प्रत्येक खडा वर्ग, प्रत्येक पडा वर्ग एवं प्रत्येक कर्ण वर्ग का योग समान आता है। इसके अतिरिक्त बच्चों को 3x3 का जादुई वर्ग बनाना सिखाया जा सकता है।

छ. बच्चों को गणित पढाने का एक मुख्य उदेश्य यह है कि बच्चों में सोचने एवं तर्क शक्ति का विकास हो। कक्षा की परिस्थितियो में निम्न क्रियाकलापों को शामिल करने से बच्चों की सोचने एवं तर्कशक्ति का विकास हो सकता है। उदाहरण के लिए चार आधारभूत क्रियाओं को पढाने के लिए बच्चों से निम्न प्रकार के प्रश्न पूछना चाहिए साथ ही उस के उत्तर के लिए उन्हें पर्याप्त समय देना चाहिए।

1. ऐसी दो संख्याओं को निर्धारित करे जिस का योग 6 है?
2. ऐसी दो संख्याओं को निर्धारित करें जिस का अन्तर 5 है, ऐसी संख्याओं के कितने जोडे सम्भव है?
3. ऐसी दो संख्याओं को निर्धारित करे जिसका गुणनफल 12 हो, ऐसी संख्याओं के कितने जोडे सम्भव है?
4. ऐसी दो संख्याओं को निर्धारित करें जिन का जोड और गुणनफल समान है?

ज. जैसा कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में पढनें वाले बच्चों को गृह कार्य (पढाई से सम्बन्धित) करने का बहुत कम समय मिल पाता है, इसलिए बच्चों को दिए जाने वाले पठन क्रिया-कलापों को अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र पर ही पूरी कराई जानी चाहिए। इन क्रिया-कलापों में बच्चों की तात्कालिक वातावरण एवं बच्चों की दैनिक जीवन की व्यवहारिक क्रियाओं का प्रयोग करना सिखाया जाना चाहिए। व्यक्तिगत एवं सामूहिक क्रियाकलापों को करवाया जाना चाहिए एवं इसे करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकसित की गयी सिखने सम्बन्धी क्रियाओ का उपयोग बच्चों को पढाने में की जानी चाहिए।

झ. तीव्र बुद्धि वाले बच्चों के लिए प्रत्येक प्रमुख दक्षता शिक्षण के लिए उच्च कोटि की पठन-पाठन सामग्री का निर्माण करना चाहिए। उदाहरण के लिए गुणा की क्रिया के लिए भाग विधि से दो अंकों का महत्तम निकालने हेतु मौलिक तर्क "क्यों" क्षमता का विकास किया जा सकता है। कई बार भविष्य में पढाई जाने वाली सामग्री वर्तमान के लिए उच्चकोटि की पठन-पाठन सामग्री के रूप में प्रयुक्त की जा सकती है।

ट. किन बच्चों को कौन सी दक्षताओं को समझने एवं करने में परेशानी होती है, इस बात पर शिक्षक/अनुदेशक को विशेष ध्यान देना चाहिए। मन्द गति से सीखने वाले बच्चों के लिए अलग से पठन-पाठन सामग्री तैयार करना चाहिए, ऐसे बच्चों को अधिक अभ्यास करना चाहिए एवं अनुदेशकों के द्वारा अधिक समय देना चाहिए। इन बच्चों को दूसरे बच्चों के स्तर तक लाने के लिए इनकी सहायता भी करनी चाहिए।

ठ. प्रत्येक ईकाई परिक्षण (संबन्धित दक्षताओं का संग्रह)में लिखित एवं मौखिक परिक्षणों के द्वार बच्चों की उपलब्धि ज्ञात की जानी चाहिए।

इकाई परिक्षण के लिए पहले नीचे दी गई सारणी जैसा खाका बना लेना चाहिए।

	स्तर				
दक्षता	ज्ञान	समझ	प्रयोग	कौशल	कुल योग
1					
2					
3					
⋮ 10					
कुल योग					

टिप्पणी:-सारणी के प्रत्येक वर्ग में प्राप्तांक भरा जाएगा।

इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में सीखा गया कि विभिन्न दक्षताओं एवं विभिन्न स्तरों के लिए किस प्रकार अच्छे परिक्षण-पदों को बनाया जा सकता है। उपरोक्त सारणी के प्रत्येक वर्गो के लिए परीक्षण पदो को बनाया जाना चाहिए। इस प्रतिवेदन के अतं में "अच्छे प्रश्नों की विशेषताएं" तथा विभिन्न प्रकार के प्रश्न परिषिष्ट 5 एवं 6 में दिया गया है। यह प्रतिवेदन अच्छे परीक्षण-पद बनाने की क्षमता विकासित करने में सहायक सिद्ध होगी। इकाई परीक्षण जैसा कि परिशिष्ट 5 एवं 6 में दिया गया है, बच्चों की उपलब्धि परीक्षण में सहायक सिद्ध होगा। इस प्रकार यह बच्चों के कमजोर पक्षो को निर्धारित करने में सहायक होगें, जिससे कि आप को सुधार कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में सहायता मिलेगी।

3.पर्यावरण अध्ययन:-

सामान्यतः ये माना जाता है कि पयावरण के दो प्रमुख पहलू है (1)प्राकतिक (2) मानवीय (सामाजिक) ये बात पर्यावरण अध्ययन के पाठयक्रम में परम्परागत ढंग से अलग अलग भाग एक एवं भाग दो या समाजिक अध्ययन एवं विज्ञान के रूप में उल्लेखित मिलता है। वस्तुत सम्पूर्ण परिवेश को मनुष्य तथा प्राकृतिक व समाजिक परिवेश की आपसी क्रिया-प्रतिक्रिया का एकीकृत परिणाम माना जाना चाहिए।

प्रस्तावित पाठयक्रम की रूप-रेखा में इन तीनो परिवर्तनशील एवं अन्क्रियात्मक अंगों को सम्मलित किया गया है। दस प्रमुख दक्षताओ में पहली दक्षता का सम्बन्ध प्राकृतिक एवं समाजिक परिवेश के सन्दर्भ में व्यक्ति की भलाई से है। उस के बाद की पॉच दक्षतायें समाज के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धित है, जैसे- समाजिक परिवेश, श्रम की दुनियॉ, मनुष्य एवं प्राकृतिक परिवेश का आपसी सम्बन्ध, मनुष्य के भूत एवं वर्तमान का सम्बन्ध तथा परिवेशीय अन्तक्रिया से सम्बन्धित कुछ सामान्य समस्याएं। अन्तिम चार दक्षताओ का सम्बन्ध प्राकृतिक परिवेश के उन प्रमुख तत्वों से है जो व्यक्तिगत एवं समाजिक पक्षो के अतिरिक्त वैज्ञानिक पक्ष को भी प्रभावित करते है। साथ ही इस के अन्तर्गत स्वास्थ्य सजीव एवं निर्जीव वस्तुओं तथा आकाश एवं पृथ्वी का समावेश भी है।

निम्नलिखित दस प्रमुख दक्षताओं का सम्बन्ध विकास के ज्ञानात्मक भावनात्मक एवं मनोगन्यात्मक पक्षो से है:


1. बच्चे समाजिक एवं प्राकृतिक परिवेश के संदर्भ में अपनी भलाई के बारे में जागरूकता अर्जित करते है।
2. बच्चे अपने समाजिक-नागरिक परिवेश के महत्वपूर्ण पहलुओं की छानबीन करते है एवं उनकी कार्यविधियों को समझते है।
3. बच्चे कार्य में लगे विभिन्न लोगों के बारे में जानते है तथा कार्य जगत के महत्व को सराहना करते है।
4. बच्चे, मनुष्य एवं उनके परिवेश के बीच स्थानिक एवं परस्पर प्रभाव डालने वाले सम्बन्धों को समझते है तथा उनकी व्याख्या करते है।
5. बच्चे मानव के अतीत एवं वर्तमान में देखते है, तथा अतीत को सही परिपेरक्ष्य में समझते है।
6. बच्चे सामान्य लेकिन सरल और आसानी से दिखाई देने वाली समाजिक आर्थिक परिस्थितियों और समस्याओं को समझते है तथा उनका विश्लेषण करते है। साथ ही अपने अनुभवों के स्तर पर उनका सम्भावित हल भी खोजते है।
7. बच्चे उन कारको को समझते है जो अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखने में सहायक होते है।
8. बच्चे अपने परिवेश की सजीव वस्तुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए उसका वर्गीकरण करते है तथा उस का निष्कर्ष निकालते है।
9. बच्चे निर्जीव वस्तुओं की कुछ सामान्य विशेषताओ का प्रेक्षण एवं जॉच करतते है।
10. बच्चे पृथ्वी तथा आकाश में होने वाली सरल घटनाओं का अवलोकन करते है तथा निष्कर्ष निकालते है।

उपरोक्त सदक्षताओं को क्रमानुसार विकसित करने के उदेश्य से छोटी उप-दक्षताओ में उपयुक्त विषयवस्तु के साथ विभाजन किया गया है तथा फलोचार्ट के रूप में एक दूसरे से जोडकर क्रमानुसार प्रस्तुत किया गया है। इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट-3 में फलोचार्ट दिया गया है।

श्री चन्दन सेन, अध्यक्ष ''लोकसेवायतन'' नीमडीह, जिला-पश्चिमी सिंहभूम बिहार एवं श्री निकुंज प्रसाद नारायण, उप-सचिव सह प्रामर्शी अनौपचारिक शिक्षा, राज्य संसाधन केन्द्र पटना,बिहार ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपने कार्यो का सम्पादन करते हुए क्रमशः पर्यावरण अध्ययन के विज्ञान एवं समाजिक अध्ययन खण्डो के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।

श्री चन्दन सेन ने पर्यावरण अध्ययन पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण को मुख्य दो खण्डों समाजिक वातावरण एवं प्राकृतिक वातावरण में विभाजित किया, तथा इस और स्पष्ट करने के लिए श्यामपट पर निम्नलिखित खाका बनाया।

पर्यावरण अध्ययन विषय में न्यूनतम अधिगम स्तर के आधार पर प्राथमिक स्तर के लिए विषय-वस्तु



सभी पाठयक्रमों को कुल चार सत्र के अन्तर्गत उपदक्षताओं में बाटें गए।

इसके उपरान्त श्री चन्दन सेन ने मुख्य रूप से विज्ञानप खण्ड को स्पष्ट करते हुए निम्न बातें कहीं।

1. बच्चों में विज्ञान सम्बन्धी दक्षताओं एवं उपदक्षताओं की सम्प्राप्ति में सहायता करना।
2. अन्धविश्वास, कूसंस्कार, गलतफहमी आदि अनचाहे तत्वों को बच्चों के मन से दूर करना एवं बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना ताकि वे हर प्राकृतिक घटनाओं का एक वैज्ञानिक हल ढूंढ सकें।

3. समाज में होने वाले कृषिकार्य, कुटीर उद्योग, बडे औद्योगिक इकाई एवं उपक्रमों के पीछे निहित वैज्ञानिक सिद्धान्तों को समझने में सहायता करना।
4. दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सिद्धान्तों का महत्व एवं उपयोगिता के बारे में समझ पैदा करना।
5. परिवार के आर्थिक, समाजिक विकास में विज्ञान के महत्व को समझना।
6. सामान्य वैज्ञानिक सिद्धान्तों के उपयोग से चलने वाले जीवनोपयोगी साधनों की कार्यविधि को समझने की दक्षता का विकास करना।

शैक्षिक प्रक्रिया:-

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के लिए बनी पुस्तकों में भाषा, गणित एवं पर्यावरण की दक्षताओ को स्वीकृत करके पाठ बनाई जाती है। ताकि कम समय में दक्षता सम्प्राप्ति स्तर हासिल करवाई जा सकें ऐसी परिस्थिति में हमें उस विशेष पाठ का विश्लेषण करके देख लेना होगा कि विज्ञान सम्बन्धी दक्षताएं किन किन पाठों में संकलित हैं।

विज्ञान पाठ में आने वाले स्तर:-

1. **अवलोकन क्रिया:-** किसी भी घटना, तत्व, पदार्थ या क्रिया-सास्क्रिया को पॉचों इन्द्रिय द्वारा अनुभव करने के उपरान्त उस का क्रमिक विधि से अवलोकन ।
2. **विश्लेषण:- अवलोकन** की हुई घटना, तत्व, पदार्थ, या क्रिया सांस्क्रिया को प्रश्नोत्तर प्रक्रिया से (कब,कहा, क्यों कैसे द्वारा)विश्लेषण करना।
3. **वर्गीकरण:-** घटयना, तत्व, पदार्थ या क्रिया - सांस्क्रिया को अपनी जानकारी के अनुसार वर्गीकृत करना।
4. **वैज्ञानिक सिद्धान्त की तलाश:-** वर्गीकृत घटना, तत्व, पदार्थ या क्रिया-सांस्क्रिया के पीछे निहित वैज्ञानिक सिद्धान्तों एवं वैज्ञानिक कारणों को खोजना।
5. **वैज्ञानिक सिद्धान्तों की कार्यविधि को समझना एवं दैनिक जीवन में उसकी प्रासंगिकता ढूढना:-** अगर कोई घटना, क्रिया - सांस्क्रिया वैज्ञानिक सिद्धान्तों के आधार पर घटती है तो उसके पीछे निहित कार्यविधि को समझना एवं दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त करना उदेश्य है।

विज्ञान सम्बन्धी हर पाठ के लिए कुछ खेल क्रियाएं एवं क्रियाशीलन खोजना चाहिए जो कि शैक्षिक परिवेश के अनुकूल हो तथा आसानी से की जा सके।

उदाहरण के लिए:-

दक्षता/उपदक्षता ↓	खेल क्रिया/प्रचलित खेल ↓
1. शरीर के विभिन्न अंगो के बारे में जानकारी	"घोघो रानी' खेल"- राज्य संसाधन केन्द्र पटना द्वारा तैयार की गई "खेले -सीखें" किताब ;
2. पशु-पक्षी के बारे में जानकारी	उड-पंछी खेल- राज्य संसाधन केन्द्र पटना द्वारा तैयार की गई किताब "खेले-सीखें" ।

विज्ञान की पढाई सदैव अवलोकन से प्रारम्भ होती है एवं वैज्ञानिक सिद्धान्तों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त ही दक्षता सम्प्राप्ति पर जाकर खत्म होती है विज्ञान पढाने की अनौपचारिक विधि यही हो सकती है कि सदैव परिवेश में उपलब्ध तत्वों के अवलोकण से प्रारम्भ करके उनकी क्रियाशीलन में छुपे वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर जाकर खत्म करे। जब भी कोई बालक पर्यावरण में किसी घटना का अवलोकण करता है तो उसके मन में कुछ प्रश्न उभर कर आते हैं जब उसे अपने प्रश्नों का सही उत्तर नही मिल पाता तो उसकी वैज्ञानिक सोच दब जाती है एवं वह धीरे धीरे कुछ गलत धारणाओं एवं सिद्धान्तों का शिकार हो जाता है।

शैक्षिक कौशल :-

1. ज्यादातर स्थानों पर चलने वाले अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र गॉव एवं ग्रामीण परिवेश से सम्बन्ध रखने वाले होते है। जाहिर है हमें अपने शैक्षिक कौशल में भी ग्रामीण वातावरण को ही प्राथमिकता देकर पठन-पाठन कार्य करने पड़ेंगे।
2. सदैव बच्चों से कुछ प्रश्न पूछकर अथवा ऐसी बातें करके पढाई प्रारम्भ करनी चाहिए जिससे बच्चे के मन में जिज्ञासा पैदा हो एवं वह जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित हो।
3. बच्चों के मन में आने वाले जिज्ञासा के साथ दक्षता सम्प्राप्ति कराने योग्य स्तर की सामंजस्यता रखते हुए शैक्षिक क्रियाओं को आगे बढानी चाहिए, ताकि निर्धारित समय के अन्दर उदेश्यों की प्राप्ति हो सके।
4. किसी भी प्रश्न का उत्तर बच्चों को "ना" में नही होनी चाहिए। "ना " वाचक उत्तर सृजनशीलता का विरोधाभाष है।
5. मशीन, संयन्त्र व तकनीकों की जानकारी दिलाते समय सबसे आसान मशीन, संयन्त्र व तकनीको की जानकारी से पढाई प्रारंभ करनी चाहिए।
6. तुलनात्मक विश्लेषण का सहारा लेने से शैक्षिक क्रिया सरल बन जाती है एवं बच्चों में किसी भी तत्व के लिए आसानी से समझ पैदा की जा सकती है।

सर्वोपरि वैज्ञानिक दक्षता सम्प्राप्ति स्तर का सही आकलन प्राप्त करने के लिए शिक्षक/अनुदेशक क्रियाशीलन, प्रश्नोत्तर, लेख, वर्णनात्मक क्रिया एवं अन्य सहायक तत्वों का सहारा ले सकते है। ऐसा भी हो सकता है कि दक्षता सम्प्राप्ति का स्तर अपनी बराबरी की मात्रा से न चले एवं एक दूसरे के परिपूरक साबित होने वाली दक्षताओं में किसी की प्राप्ति अपूर्ण न रह जाय। सत्र के अन्त में होने वाले मूल्यांकनण में उन सभी बातों का पता लगाकर बच्चों का वर्गीकरण कर लेने के बाद ही अगले सत्र की पढाई प्रारम्भ की जा सकती है।

विज्ञान अध्ययन का मूल्यांकन

न्यूनतम अधिगम स्तर के अनुसार विज्ञान पाठ की दक्षताओं का चयन

↓

जिन उपदक्षताओं के लिए मूल्यांकन लेना है उनका चयन

↓ (1) पाठयपुस्तक से उपदक्षताओं को सम्पोषित करने वाले इकाईयों का चयन

↓ पाठ आधारित प्रश्नोत्तर, क्रियाशीलन, वार्तालाप-इत्यादि

↓ (2) साधारण मानसिक दक्षताओं को सम्पोषित करने योग्य घटनाओं का चयन

↓ पाठयपुस्तक से बाहर की घटना प्रश्नोत्तर, क्रियाशीलन

↓

दक्षता सम्प्राप्ति स्तर का ऑकलन

↓

सफलता की प्रतिशत मात्रा

श्री निकुंज प्रकाश नारायण (राज्य संसाधन केन्द्र पटना) ने सामाजिक अध्ययन के शिक्षण प्रविधियों के संदर्भगत सामाजिक विषय में प्रयोग किये जाने वाले निम्न शब्दावलियों का अर्थयुक्त व्याख्या किया।

राजा:- छोटे क्षेत्रों के निवासियों पर शासन एवं उनकी सुरक्षा करने वाला।

शासक:- राजाओं का राजा, जो युद्ध में पडोसी राजा को पराजित करके उसके शासन को अपने अधिकार में लेकर उस पर शासच करता है। इसके एवज में पराजित राजा को कुछ मुद्रायें एवं सुविधायें उपलब्ध कराता है।

व्यापार:- दो राज्यों, दो देशों के बीच उत्पादनो के आदान-प्रदान की प्रक्रिया। इस प्रक्रिया में एक देश, राज्य व्यक्ति दूसरे देश, राज्य व्यक्ति से उसके उत्पादन को मंगाता है तथा उसे अपने उत्पादनों को देता है।

स्थानिय व्यापार:- इस के अन्तर्गत छोटे-छोटे क्षेत्रों के बीच अपने-अपने क्षेत्रों के उत्पादनों का मुद्रा आधारित आदान-प्रदान होता है।

घरेलू व्यापार:- अपने देश के अन्दर मुद्रा पर आधारित वस्तुओं का आदान-प्रदान होता है।

अन्तरराष्ट्रीय व्यापार:- इस के अन्तर्गत विश्व के विभिन्न देशों के बीच सर्वमान्य मुद्रा एवं उत्पादों पर आधारित वस्तुओं का आदान-प्रदान

आयात-निर्यात:- अन्तरराष्ट्रीय व्यापार के दो पहलू है। बाहर के देशो से किसी वस्तु को मंगाने की प्रक्रिया को आयाता एवं अपने देश के उत्पादनो को भेजने की प्रक्रिया को निर्यात कहा जाता है।

व्यापार संतुलन:- दो देशों के आयात एवं निर्यात के सम्बन्ध स्थापित करने की प्रक्रिया को व्यापार संतुलन कहते है।

तस्करी:- यह व्यापार का एक अवैध तरीका है। जिस में सरकार को कर का भुगतान कियें बिना छुपे रूप से वस्तुओं को एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जाता है। जिस के परिणाम स्वरूप सरकार को कर का बहुत नुकसान होता है।

दहेज:- यह एक अवैध रूढीवादी परम्परा है जिस में लडकी/लडकों (बहुत से संस्कृतियो में विवाह के समय लडकों के माता/पिता लडकी के माता पिता को दहेज देते है।) के माता/पिता से दूसरे पक्ष के माता/पिता दहेज लेते है।

काला-बाजार:- यह कुछ निश्चित व्यापारियों द्वारा किसी वस्तु का कृतिम अभाव या कमी पैदा कर उस वस्तु को मूल्य बढाकर बेचते है।

जाति-पात:- जाति-पात मानने वाला व्यक्ति अपनी जाति के प्रति अधिक सानिध्य रखता है तथा दूसरे जातियों के प्रति घृणा का भाव रखता है।

मौलिक अधिकार:- यें वे अधिकार है जो न्यायपालिका के द्वारा संरक्षित किये जाते है।

खेती-बारी:- यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो फसलों के उत्पादन हेतु किये जाते है। भारत एक कृषिप्रधान देश है। क्योंकि यहॉ 80% से ज्यादा लोग कृषि पर निर्भर है।

आगे उन्होंने कहा कि शिक्षको/अनुदेशको में निम्न लिखित कौशल होना बहुत जरूरी है। तभी हम अनौपचारिक शिक्षा को प्रभावी रूप से आगे बढा सकतें है।

क. विषय-वस्तु का ज्ञाता।

ख. सरल एवं स्पष्ट वर्तालाप कौशल

ग. कर्तव्य निष्ठा

घ. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चो, परियोजना अधिकारियों निरीक्षको आदि के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने का कौशल ।

पाठय सम्बन्धित अनुदेशात्मक सामग्रियों का विश्लेषण:-

प्रतिभागियो को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था कि, वो अपने अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में उपयोग करने वाले पठन-पाठन सामग्रियों को अपने साथ लाए। इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम मे शामिल, लगभग सभी स्वैच्छिक संस्थाए, राज्य संसाधन केन्द्र बिहार, पटना द्वारा निर्मित पठन-पाठन सामग्रियों का उपयोग अपने अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो मे करती है। मात्र एक स्वैच्छिक संस्था "लोक सेवायतन", राज्य संसाधन केन्द्र बिहार द्वारा निर्मित पठन-पाठन सामग्रियो के साथ-साथ स्वयं की निर्मित पठन-पाठन सामग्रियों का भी अपने अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में उपयोग करती है।

इस सत्र के अंतर्गत श्री ईश्वर चन्द्र जी ने विभिन्न विषयो के पठन-पाठन सामग्रियों के विश्लेषण करने के सम्बन्ध में बतलाया। इस व्याख्या के अंतर्गत उन्होंने गणित विषय के पठन-पाठन सामग्रियो का विश्लेषण करके उदाहरण दिया। तदोपरांत किस प्रकार अलग-अलग विषयो - भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन के पठन-पाठन सामग्रियों का विश्लेषण होता है, इस पर विचार विमर्श हुआ। श्री ईश्वर चन्द्र जी ने विश्लेषण के मुख्य उदेश्यों को स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न अवधारणाओं, सिद्धान्तों, प्रक्रियाओ एवं दृष्टान्तो को शामिल करने का क्या उदेश्य है, व किस प्रकार पठन प्रवधी में सहायक होगा, क्यों किसी खास प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है, इस तरह के विभिन्न प्रश्नों को पाठ सम्बधित अनुदेशात्मक सामग्रियो का विश्लेषण करने के क्रम में स्पष्ट किया।

सभी प्रतिभागियों को तीन समूहों मे विभाजित किया गया। प्रतिभागियों के रूचि अनुसार भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों का समूह बनाया गया। पहला समूह भाषा दूसरा समूह गणित एवं तीसरा समूह पर्यावरण अध्ययन सम्बंन्धी पठन-पाठन सामग्री का विश्लेषण किया

तीनों समूहों में विश्लेषण चार्ट में सर्वप्रथम परिचय-प्रदत्त लिखा गया

1. पुस्तक/अनुदेशात्मक सामग्री का नाम (शीर्षक)
2. लेखक (यदि कोई हो)
3. प्रकाशक
4. संपादक
5. कक्षा/सत्र संख्या

प्रत्येक पाठय-क्रम में चाहे तो निम्न बातों का उल्लेख कर सकते हैं।

1. अन्तरनिहित विषय-वस्तु
2. अन्तरनिहित दक्षताएं

विश्लेषण में अगला कार्य, पाठ/अनुदेशात्मक सामग्रियों के मजबूत एवं कमजोर पक्षों से सम्बन्धित प्रदत्त संग्रह तथा प्रमाणों का लेखन करना होता है। तीनों समूहों ने विश्लेषण कार्य हेतु एक से ज्यादा पाठ/अनुदेशात्मक सामग्रियों के साथ अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो पर गए जहॉ पाठ/अनुदेशात्मक सामग्रियों के बनाने हेतु विभिन्न संघटको पर प्रमाण-लेखन कार्य किए।

1.विषय-वस्तु का चयनः-

1. क्या अलग-अलग पाठों के विषय-वस्तुगत भार, पढने वाले बच्चों के स्तर का है? प्रमाणित करें।
2. क्या विषयतथ्य की तारतम्यता में कोई कमी है? उदाहरण दें।
3. क्या अवधारणाएं, सिद्धातों, प्रक्रियाओं आदि गलत दी गई है? यदि उत्तर हॉ में हो तो गल्तियों का प्रारूप बताए (छपाई में गल्तियों को भी सम्मिलित करें)
4. क्या दिया हुआ पाठयक्रम निर्धारित पाठयक्रम से भिन्न है ? हॉ/नहीं यदि उत्तर हॉ में है तो उसके उदाहरण दें।
5. क्या सामग्रियों का नवीनीकरण में कमी है? यदि ऐसा है तो इसका उदाहरण दें।
6. क्या विषय-वस्तु सभी अनुदेशात्मक उदेश्यों को पूरा करता है? हॉ/नही अपने द्वारा दिए गए उत्तर हॉ/नही के अनुसार निरूपरण करें।
7. यदि पाठ/अनुदेशात्मक सामग्रियों में कहीं ऐतिहासिक तथ्य, पहेलियो, भ्रान्तियों तथा दूसरे प्रकार की मनोरंजन सामग्रियॉ दृष्टिगत हो तो उनके उदाहरण दें।

2.विषय-वस्तु का समायोजनः-

1. विभिन्न पृष्ठो पर यदि कोई अनुक्रम विषय-वस्तुओं की जोड-बन्दी सही न हो तो उन कमियों पर टिप्पणी करते हुए पृष्ठानुसार उन का उदाहरण दें।
2. किन्ही पृष्ठो पर मनोवैज्ञानिक समायोजन में कोई कमी नजर आये तो उस पर टिप्पणी करते हुए पृष्ठानुसार उदाहरण दें।
3. क्या विभिन्न पाठय-सामग्री, अनुदेशकों को पाठन प्रविधी में सहायक होगें? इस पर टिप्पणी करें।

3. विवरण:-

1. वैसे पृष्ठों पैराग्राफों की संख्या का उल्लेख करे जिनमें विवरण अपर्याप्त हो।
2. वैसे पृष्ठों पैराग्राफो की संख्या का उल्लेख करे जिनमें भाषा की गल्तिया, कठिनाइया एवं भाषा अस्पष्ट हो।
3. वैसे पृष्ठो/पैराग्राफो की संख्या का उल्लेख करे जिनमें लिखावट के तरीके जिवन्त न हो, जिसको पढने से जिज्ञासा उत्पन्न न हो तथा एक वाक्य से दूसरे वाक्य में सामन्जस्य न हो।
4. वैसे पृष्ठो/ लाइनों की संख्या का उल्लेख करें जहॉ प्रयोग में लाये गये चिन्हों एवं जिसका, शब्द-संक्षेपण सर्वमान्य न हो।
5. वैसे पृष्ठो/लाइनों की संख्या का उल्लेख करें जहॉ प्रयोग किये गये भाषा शब्द का स्तर निम्न कोटि का हो।

4 दृष्टान्त:-

1. वैसे पृष्ठों/पैराग्राफो की संख्या का उल्लेख करे जहॉ प्रयोग किये गये दृष्टान्त अपर्याप्त है, या निरर्थक है।
2. वैसे पृष्ठो /पैराग्राफो की संख्या का उल्लेख करे जहॉ दिए गए दृष्टान्त गलत हो।
3. वैसे पृष्ठों/पैराग्राफो की संख्या का उल्लेख करे जहॉ किया गया दृष्टान्त उचित न हो।

5. अभ्यास:-

1. वैसे पाठय संख्याओं का उल्लेख करे जिस में अभ्यास की कमी हो या बहुत ही ज्यादा अभ्यास दिया गया हो।
2. वैसे पाठय संख्याओं का उल्लेख करे जिसमें अभ्यास की विविधता न हो।
3. वैसे पाठय संख्याओं का उदाहरण सहित उल्लेख करे जिसमें अवास्तविक वस्तुस्थिति का वर्णन हो।
4. वैसे पाठय संख्याओ का उल्लेख करें जिसमें अभ्यासों का असंगत विस्तार किया गया हो।
5. वैसे पाठय संख्याओं का उल्लेख करें जिसके अभ्यासों को निम्न स्तर का वर्गीकृत किया गया हो या वर्गीकृत ही न किया गया हो।

6. उत्तर:-(केवल गणित के लिए)

1. वैसे पाठों की संख्या का उल्लेख करे जिसमें उत्तर देने का समुचित प्रवधान न हो।

7. मूल्यांकन सामग्री:-

1. वैसे पाठय संख्याओं का उल्लेख करे जिसमें मूल्यांकन सामग्री की कमी हो।

पठन -पाठन सामग्रियों के विश्लेषण के अगले क्रम में गल्तियों/अशुद्धताओं का संशोधन एवं उसके कमजोर पहलुओं को हटाया जाता है। तदोपरान्त विषय-वस्तु से सम्बन्धित सहायक सामग्रियों को विकसित (तेज बच्चों/ मन्दगति से पढने वाले बच्चों की जरूरतो के अनुसार) करके पाठय क्रम में शामिल किया जाता है।

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चों की उपलब्धियों का मूल्यांकन

श्री ईश्वर चन्द्र (प्रवक्ता सलेक्शन ग्रेड) अनौपचारिक एवं वैकल्पिक विद्यालयी शिक्षा विभाग (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) नई दिल्ली-110016 ने इस प्रकरण पर प्रतिभागियों से विचार विमर्श करके इस प्रकरण को अन्तिम रूप दिया, जिस का विस्तृत विवरण परिशिष्ट-4 में सनिहित है।

श्री ईश्वर चन्द्र जी ने स्पष्ट किया कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चो का मूल्यांकन का स्वरूप औपचारिक विद्यालयों के बच्चो के मूल्यांकन से भिन्न होता है। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति में दक्षताओ की उपल्बधियो का विशेष महत्व है। अतः उपचारक शिक्षण, अनौपचारिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। इस दृष्टिकोण से मूल्यांकन अनौपचारिक प्रणाली में सतत एव व्यापक रूप से होते रहना चाहिए। जहॉ मुख्य रूप से अनौपचारिक शिक्षा मे व्यक्ति व्यवहार के तीनो पहलुओ (सज्ञात्मक, भावात्मक एवं मनोकृयात्मक) पर विशेष ध्यान दिया जाता है वही औपचारिक शिक्षा मे व्यक्ति व्यवहार के केवल संज्ञानात्मक पहलु पर ही जोर दिया जाता है। जबकि शिक्षण में भावनात्मक एवं मनोकृयात्मक पहलुओ का भी उतना ही महत्व है जितना कि संज्ञानात्मक पहलू का।

तदोपरान्त श्री ईश्वर चन्द्र जी ने अनौपचारिक शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के जॉच प्रश्नों के सम्बन्ध में बतलाया। विशेषकर किस स्वरूप का जॉच-प्रश्न किस खास परिस्थिति में बहुत उचित होगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के जॉच-प्रश्नों का विवरण परिशिष्ठ-6 में संनिहित है।

उन्होंने आगे बतलाया कि बच्चों की कार्यक्षमता एवं उपल्बधियों के मूल्यांकन के लिए जॉच-प्रश्न एक प्रमुख साधन है। श्री ईश्वर चन्द्र जी ने अच्छे प्रश्नों की विशेषताओं पर विस्तृत रूप से विवेचन किया। प्रश्नों (मौखिक या लिखित)के द्वारा हम बच्चों के दक्षता उपल्बधियों का (प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर) सही तरीके से मापन कर सकते है। अच्छे प्रश्नों की गुणवत्ता का विवरण प्रतिवेदन के अन्त में परिशिष्ठ -5 में दिया गया है।

इस पूरे सत्र में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बॉटकर उनके रूचि के अनुसार तीनो विषयों - भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन के लिए अच्छे जॉच-प्रश्नों का निर्माण किया गया। तदोपरांत तीनो समूहों द्वारा अलग-अलग विषयों पर निर्मित जॉच-प्रश्नों को सामूहिक सत्र में विचार-विमर्श करके उसे विषय-वस्तुगत एवं उदेश्यपूर्ण बनाया गया।

समापन सत्रः-

ये सत्र, उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के अन्तिम चरण में दिनांक 17.11.99 को अपराहन 2:30 बजे शुरू किया गया। इस सत्र के अन्तर्गत सर्वप्रथम डॉ0 पुरूषोत्तम कुमार (कार्यक्रम समन्वयक) ने इस कार्यक्रम में आए सभी प्रतिभागियों एवं संसाधन व्यक्तियों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही डॉ0 कुमार ने श्री दिपॉकर राय (शिक्षण-क्रम निदेशक) को विशेष रूप से धन्यवाद दिया, जिन्होंने आए हुए प्रतिभागियों एवं संसाधन व्यक्तियों के लिए ठहरने एवं खाने-पीने की व्यवस्था बहुत ही उत्तम एवं प्राकृतिक परिवेश में किया था।

इसी सत्र के अन्तर्गत तीन प्रतिभागियों ने इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के संबन्ध में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम के द्वारा हमें विषय-वस्तुगत आधारित बहुत सारी नई बातों की जानकारियॉ मिली। जहॉ तक ठहरने एवं खाने पीने की व्यवस्था का सवाल है तो, कार्यक्रम समन्वयक महोदय ने ''जंगल में मंगल'' वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया। यह सत्य है कि हम स्वैच्छिक संस्था वाले कार्यकर्ता जमीन पर रहते हुए जमीनी बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य करते है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि, अनौपचारिक शिक्षा से सम्बन्धित किसी भी तरह का उन्नमुखीकरण अथवा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करना हो तो ग्रामीण परिवेश या स्वैक्षिक संस्था के कार्य स्थल पर किया जाना चाहिए, जिससे कि भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने कार्य-क्षेत्र से अपने को जुडा हुआ महसूस कर सकें।

एक प्रतिभागी ने कहा कि इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम से हम लोग इतना दक्ष हो गए है कि आगे से खुद हम लोग अपनी संस्था के कनिष्ठ कार्यकर्त्ता को प्रशिक्षण दे सकते है।

कार्यक्रम के समापन पर बोलते हुए श्री प्रसाद दास गुप्ता, (परियोजना समन्वयक) एम.एन.बी.ई. संस्थान, पोस्ट- माझी हीरा, जिला- पुरूलिया (प0बंगाल)ने कार्यक्रम की सफलता पर अपनी खुशी जाहिर किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपको प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकरण के उदेश्यों की प्राप्ति में आने वाले चुनौतियों का, दृढता पूर्वक सामना करना होगा। इसके लिए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो के बच्चों को कार्य-परक एवं आनन्दमय तरीके से पढाना होगा। अनौपचारिक शिक्षा में डॉट-फटकार का कोई स्थान नही होता। यदि कोई बच्चा किसी खास विषय या पाठ को समझ नही पाता तो अनुदेशक को पता करना चाहिए कि उसके कमजोर पहलु कौन से हैं जिसके कारण वह किसी विषय या पाठ को बच्चे को समझा नही पाता है। यदि किसी अनुदेशक में किसी खास विषय या पाठ को पढाने की समझ स्पष्ट नही है तो, यह पर्यवेक्षक की कमजोरी मानी जाएगी। इसी प्रकार यदि किसी पर्यवेक्षक को किसी खास विषय की समझ नही है तो ये परियोजना अधिकारी की कमजोरी मानी जाएगी।

इस उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि के नही आने के कारण श्री निकुंज प्रकाश नारायण सिन्हा (उप-सचिव सह प्रामर्शी, राज्य ससाधन केन्द्र बिहार)ने स्वैक्षिक संस्थाओं के सामने आने वाली प्रशासकिय समस्याओं के निदान हेतु विषयों पर चर्चा किया। यह उन्नमुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 17.11.99 संध्या 5 बजे समाप्त हो गया।

परिशिष्ट -1

अनौपचारिक शिक्षा के कार्यकर्ताओं का दायित्व एवं कर्तव्य

क. परियोजना अधिकारी के दायित्व एवं कर्तव्यः-

1. परियोजना अधिकारी को पर्यवेक्षक संदर्शिका तथा अनुदेशक संदर्शिका के सम्बन्ध में स्पष्ट समझ होनी चाहिए, जिस से कि वे अपने क्षेत्र के अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो पर कार्यरत पर्यवेक्षको एवं अनुदेशको को उन के दायित्व एव क्रियाकलापो के बारे में बता सके।
2. परियोजना अधिकारी मुख्य रूप से पर्यवेक्षकों एव अनुदेशकों का प्रशिक्षक होता है। परियोजना अधिकारी का ये दायित्व होता है कि पर्यवेक्षको के प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अनुदेशक संदर्शिका में सन्निहित क्रिया - कलापो को व्यवहारिक रूप मे प्रदर्शन करके पर्यवेक्षको को बतलायें।
3. यदि परियोजना अधिकारी, अनुदेशको के लिए कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता है तो उसे इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि उस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य प्रशिक्षण सायक सामग्री, अनुदेशक संदर्शिका पर आधारित हो। परियोजना अधिकारी उस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य ससाधन व्यक्ति एवं मार्गदर्शक होता है।
4. परियोजना अधिकारी का यह दायित्व होता है कि उस के क्षेत्र के सभी अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों पर हर तरह की सुविधाए एवं पठन-पाठन सहायक सामग्रियों को उपलब्ध कराये।
5. परियोजना अधिकारी को अनौपचारिक शिक्षा के हर तरह के पठन-पाठन सामग्रियों के विषय-वस्तु से परिचित होने के लिए सक्षम संस्थओं (राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राज्य संसाधन केन्द्र, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) के अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुभवी व्यक्तियों या संदर्भ व्यक्तियों से सहायता लेनी चाहिए।
6. परियोजना अधिकारी का यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि उस के द्वारा निर्माण या एकत्र किए गए अनुदेशात्मक सामग्रियों जैसे शिक्षण सहायक सामग्री, परिक्षण-वस्तु, चार्ट, छोटे-छोटे कथन इत्यादि को पर्यवेक्षकों के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों पर भिजवाये।
7. परियोजना अधिकारी का यह भी दायित्व एवं कर्तव्य है कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो के अवलोकन एवं परिवेक्षण के साथ-साथ उस केन्द्र के बच्चों के मानसिक एवं बौधिक विकास का भी अवलोकन एवं परिवेक्षण करें।
8. परियोजना अधिकारी का एक प्रमुख दायित्व यह होता है कि अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो को सही तरीके से चलाने में क्षेत्रीय निवासियों से सहयोग प्राप्त करने हेतु पर्यवेक्षकों एवं अनुदेशको को प्रशिक्षित एवं प्रोत्साहित करतें रहें।

ख. पर्यवेक्षकों का दायित्व एवं कर्तव्यः-

1. पर्यवेक्षकों को अनुदेशकों के क्रिया-कलापो के बारे में स्पष्ट रूप से समझ एवं जानकारी होनी चाहिए जिस से कि वे अनुदेशकों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के बारे में समझा सके।
2. पर्यवेक्षकों का यह दायित्व है कि वो ऐसे लोगो की एक सूची तैयार करे, जो अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र को सही ढंग से चलाने में मदद कर सकें।
3. पर्यवेक्षको का यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि वो विभिन्न संस्थाओं जैसे- विद्यालय, प्रौढ शिक्षा केन्द्र, पुस्तकालय, डाक-विभाग बैंक, स्वैक्षिक संस्थाओं आदि के अधिकारियो की एक सूची तैयार करें, जिससे कि पर्यवेक्षक के कार्यो के सम्पादन में सहायता मिल सकें।

4. **अनुदेशकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु पर्यवेक्षकों का दायित्व एवं कत्र्व्यः-**
   1. वैसे अनुदेशको को चुनना जो अपने कार्यो को करने में दक्ष हो।
   2. पर्यवेक्षको का व्यवहार अनुदेशकों के प्रति एक मार्गदर्शक एवं सहयोगी का होना चाहिए न कि इन्सपेक्टर की तरह।
   3. पर्यवेक्षकों का यह दायित्व है कि अनुदेशक संदर्शिका मे सन्निहित अनुदेशक के क्रिया-कलापों को व्यवहारिक रूप मे प्रदर्शन करके अनुदेशकों को प्रशिक्षित करें।

5. पर्यवेक्षकों का यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि नए अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र खोलने एवं सही ढंग से चलाने की परिकल्पना एवं प्रबन्ध कार्य करे।
6. पर्यवेक्षको का यह कर्तव्य है कि अन्य पर्यवेक्षकों से सम्पर्क करके एक दूसरे के अनुभवो का आपस में आदान-प्रदान करते रहें।
7. पर्यवेक्षको का यह दायित्व होता है कि वो परियोजना अधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो की क्रिया-कलापों एवं घटनाओं की जानकारी परियोजना अधिकारी को देते रहें।

8. **पर्यवेक्षक को अपने अधिनस्थ 10-12 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो का परिवेक्षण करना हो तोः-**
   1. पर्यवेक्षक को चाहिए कि जितना सम्भव हो सके अधिक से अधिक बार अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो का परिवेक्षण करें।
   2. पर्यवेक्षक जितनी बार भी अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो का परिवेक्षण करने जाता है, केन्द्र के परिवेक्षण के साथ-साथ केन्द्र से सम्बन्धित सामुदायिक लोगों से मिले-जुलें।

9. पर्यवेक्षक का यह एक मुख्य दायित्व है कि अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम का अवलोकन एवं मूल्यांकन करने वाले अधिकारी को पर्यवेक्षक के आधीन आनेवाले सभी अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों से सम्बन्धित सही-सही सभी सूचनाओं को उपलब्ध कराएं।

ग. अनुदेशकों का दायित्व एवं कर्तव्यः-

1. अनुदेशको का यह दायित्व है कि अपने क्षेत्र के ग्राम निवासियों से सम्पर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करे कि वो अपने बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र में पढने के लिए भेजें।
2. अनुदेशकों का यह कर्तव्य है कि अपने अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र मे बच्चों के नामांकन में बढोत्री के लिए उस क्षेत्र/गॉव के प्रभावशाली व्यक्तियों से सहायता लें।
3. अनुदेशको का कर्तव्य होता है कि वो स्वय् के ज्ञान को बढाये।
4. अनुदेशको को विभिन्न प्रकार के फार्मो को भरना जानना चाहिए जो कि उसे अपने पर्यवेक्षको एवं परियोजना अधिकारी को देने होते है।
5. अनुदेशको को अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिए अलग-अलग रजिस्टर तैयार करना चाहिए।
6. अनुदेशको को परियोजना अधिकारी या पर्यवेक्षक द्वारा बुलाई गयी सभी बैठकों में भाग लेना चाहिए।
7. अनुदेशकों के लिए होने वाले प्रशिक्षण/उन्नमुखीकरण कार्यक्रमो में अनुदेशको को अवश्य शामिल होना चाहिए।
8. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो के सभी बच्चों का अलग-अलग प्रगति प्रतिवेदन- पुस्तिका तैयार करके उस में आवश्यक जानकारियो को भरना अनुदेशको का प्रमुख दायित्व होता है।
9. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो का अवलोकन करना।
10. केन्द्र के बच्चों की शैक्षिक दक्षता में विकास के लिए उन्हें पढाना।
11. केन्द्र के बच्चों की दक्षता का मूल्यांकन करना।
12. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र के बच्चो का शैक्षिक दक्षता से सम्बन्धित कमजोरियों का पता लगाकर उनको दूर करने की कोशिश करना।
13. केन्द्र के बच्चो को पढने एवं अपने पढाई को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते रहना।
14. केन्द्र के बच्चों को पुस्तकालय, जन-संसार के साधन जैसे टी.बी., समाचार पत्र, रेडियो आदि से परिचित करना।
15. अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र से सम्बन्धित शैक्षिक एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान हेतु अनुदेशक को ग्राम-शिक्षा समिति के सदस्यों, स्थानीय विद्यालय शिक्षको, डाक्टर, पोस्टमास्टर आदि से सहायता लेनी चाहिए।

परिशिष्ट - 2

प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर

भाषाः-

1.सुननाः-

1. सरल परिचित एवं प्रचलित पदों, कविताओं तथा कहानियों को सुनकर समझता है।
2. परिचित परिस्थितियों में हुए वार्तालापों एवं संवादों को समझता है।
3. परिचित परिस्थितियों में दिए गए मौखिक अनुरोधों एवं सरल आदेशों को समझता है।
4. वर्णन, विवरण, शब्द-खेल एवं पहेलियों को सुनकर समझता है।
5. परिचित परिस्थितियों में दिए गए सरल भाषणों को सुनकर समझता है।
6. विद्यालय के आयोजनो एवं प्रतियोगिताओं में हुए कविता - पाठ, नाटक एवं वाद-विवाद को सुनकर समझता है।
7. सरल क्रियाओं को करने तथा खेल खेलने के मौखिक निर्देशों को समझता है।
8. किसी क्रिया को सम्पन्न करने के लिए एक के बाद एक दिए गए मौखिक निर्देशों को समझता है।
9. किसी सामूहिक क्रिया-कलापों को सम्पन्न करने के लिए दिए गए निर्देशों को समझता है।

2. बोलनाः-

1. सरल वाक्यों को सही सही दोहराता है।
2. सरल पदों, कविताओं एवं गीतों को सामूहिक रूप से, हाव-भाव एवं क्रियाओं के साथ सुनता है।
3. हॉ/नही उत्तर वाले सरल प्रश्नों के उत्तर देता है।
4. भाषा की सभी ध्वनियों का उच्चारण करता है।
5. सरल प्रश्नों के उत्तर पूरे पूरे वाक्यों में देता है।
6. शुद्ध उच्चारण के साथ बोलता है।
7. सरल, परिचित कहानियों को उचित हाव-भाव एवं अनुतान, बलाघात के साथ सुनता है।
8. परिचित एवं अपरिचित वस्तुओं के विषय में वर्णन करता है।
9. बिना रूके प्रवाह के साथ स्वाभाविक रूप से बोलता है।
10. प्रभावशाली ढंग से कविता-पाठ करता है।
11. सरल एवं परिचित विषयों पर बोलता है।
12. परिस्थितियों एवं घटनाओं का वर्णन करता है।
13. सरल एवं अधिक जटिल प्रश्न पूछता है।
14. परिचित वस्तुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करता है।
15. कक्षा मे होने वाले नाटकों, सहज चर्चा एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेता है और औपचारिक घोषणाएं करता है।

3. पढना:-

1. वर्णमाला के अक्षरो, कम परिचलित एवं संयुक्त वर्णो को पहचानता है।
2. श्यामपट पर हस्तलिखित सामग्री, छपाई के मोटे अक्षरों वाले फ्लैश-कार्डो आदि को पढ लेता है।
3. सरल परिचित शब्दों का स्वर वाचन करता है (शब्द तीन वर्णो से अधिक के न हो)
4. मोटे एवं छोटे अक्षरों मे छपी विषय सामग्री को पढ लेता है।
5. पदों, कविताओ, गीतों एवं सरल कहानियों का स्वर वाचन करता है।
6. रास्ते पर चलने के संकेत, विज्ञापन-पटों एवं सूचना-पटों पर सरल सूचनाओं को पढता है।
7. दूसरे बालकों के हाथ की लिखी हुई सामग्री पढता है।
8. सरल कहानियों की पुस्तकें तथा अन्य बाल पुस्तकें पढता है।
9. कार्टून, कामिक्स और पोस्टर पढता है।
10. हाथ के लिखे हुए पत्रों को पढता है।
11. बाल पत्रिकाएं पढता है।
12. सरल आकृतियॉ, चार्ट एवं नक्शें पढता है।
13. छपी हुई और हाथ की लिखी हुई पठन सामग्री को सहजता से पढता है।
14. अखबार एवं अन्य छपी हुई पठन सामग्री पढता है।

4. लिखना:-

1. दिए गए स्वर, व्यजंन, मात्रा एवं संयुक्ताक्षरों को देखकर लिखता है।
2. स्वर, व्यजंन, मात्रा एवं संयुक्ताक्षरों का श्रुतलेखन करता है।
3. सरल परिचित शब्द एवं वाक्य लिखता है।
4. दिए गए शब्दों एवं वाक्यों को देखकर लिखता है।
5. परिचित शब्दों का श्रुतलेखन करता है।
6. निंदेशानुसार सरल वर्णनात्मक वाक्य लिखता है।
7. अक्षरो एवं शब्दों के सही आकार, क्रम तथा अक्षरों और शब्दों के बीच की दूरी के सही अंतर को समझता हैं।
8. अपरिचित शब्दों का श्रुतलेखन करता है।
9. निंदेशानुसार सरल अनुच्छेद अथवा निबंध लिखता है।
10. साफ-साफ और स्पष्ट लिखता है।
11. सरल विराम चिन्हों सहित श्रुतलेखन करता है।
12. निंदेशानुसार अनुच्छेदो और विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए निबंध लिखता है।
13. सही प्रारूप एवं सही दूरी के साथ लिखता है।
14. सभी विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए श्रुतलेखन करता है।
15. संक्षिप्त और स्वतंत्र निबंध लेखन करता है जिसमें सरल अनौपचारिक पत्र तथा संवाद भी सम्मिलित है।

5. विचारों का बोधनः- (सुनकर और पढकर)

1. मौखिक रूप से संक्षेप में दी गई सरल सूचना का पुनः स्मरण करता है।
२. सुनकर-''कौन'' ''कब''और ''कहॉ'' वाले प्रश्नों के उत्तर देता है।
3. बोली गई अथवा लिखी हुई संक्षिप्त सामग्री के घटना-क्रम को क्रमिक ढंग से पुनःस्मरण करता है।
4. सुनकर ''क्या'' और ''कैसे'' वाले प्रश्नो के उत्तर देता है।
5. बोली गई अथवा लिखी हुई सामग्री में से प्रमुख विचारों को पकड पाता है।
6. किसी सामग्री को सुननें या पढने के पश्चात ''क्यों'' वाले प्रश्नों के उत्तर देता है।
7. मौखिक अथवा लिखित सामग्री में व्यक्त विचारों एवं घटनाओं के बीच सरल कार्य, कारण-सम्बन्धों को पहचानता है।
8. किसी सामग्री को सुननें अथवा पढने के पश्चात ''क्योंकि'' ''चूकि'' का प्रयोग करते हुए प्रश्नों के उत्तर देता है।
9. मौखिक अथवा लिखित सूचना के आधार पर निष्कर्ष निकालता है।
10. किसी सामग्री को सुनने अथवा पढने के पश्चात यदि .... तो, यदि .... नही तो का प्रयोग करते हुए सामग्री से सम्बन्धित प्रश्न पूछता है और उत्तर देता है।

6. व्यवहारिक व्याकरणः-

1 शब्दो की अतिम ध्वनि के आधार पर उनकी समानता को जानने के प्रति सचेत होता है।
2. शब्दों की आदि और अंत स्थिति तथा उसके उदगम (उपसर्ग, प्रत्यय और धातु) के आधार पर उसकी समानता जानने के प्रति सचेत होता है।
3. शब्दार्थ के आधार पर शब्दो के आपसी सम्बन्धों के प्रति सचेत होता है।
4. वाक्य रचना के सामान्य प्रयोग-सम्बन्धित नियमों को समझता है।
5. वाक्य-विन्यास की ईकाइयों के सामान्य प्रयोग-सम्बन्धी नियमों को समझता है।

7. स्व-अधिगमः-

1. जहॉ उपलब्ध हो वहां चित्रो वाली सरल शब्द सूची का प्रयोग कर सकता है।
2. जहॉ उपलब्ध हो वहॉ चित्रों वाले सरल विश्वकोश का प्रयोग कर सकता है।
3. जहॉ उपलब्ध हो वहॉ बच्चो के चित्रमय शब्दकोश का प्रयोग कर सकता है।
4. जहॉ उपलब्ध हो वहॉ बाल शब्द कोश का प्रयोग करता है।
5. जहॉ उपलब्ध हो वहॉ बाल विश्वकोश का प्रयोग कर सकता है।

8. भाषा-प्रयोगः-

1. विन्रमता, आदर आदि व्यक्त करने वाले सरल प्रयोगो को समझता है और उनका प्रयोग करता है।
2. विन्रमता से बात करता है तथा वार्तालाप करते समय ध्यान से सुनता है।
3 समूह में अपनी बारी आने पर ही बोलता है।
4. औपचारिक एवं अनौपचारिक भाषा के भेद को समझता है।
5. औपचारिक एवं अनौपचारिक परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त भाषा का प्रयोग करता है।

9. शब्दावली नियत्रणः-

1. पढकर समझने का लगभग 2000 शब्दों का शब्द भण्डार अर्जित करता है।
2. पढकर समझने का लगभग 3000 शब्दो का शब्द भण्डार अर्जित करता है।
3. पढकर समझने का लगभग 4000 शब्दों का शब्द भण्डार अर्जित करता है।
4. पढकर समझने का लगभग 5000 शब्दो का शब्द भण्डार अर्जित करता है।

परिशिष्ट -2
प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर

गणितः-

1. **पूर्ण संख्याओं एवं संख्यॉकों को समझनाः-**

1. वस्तुओं एवं चित्रों की सहायता से 1 से 100 तक के संख्यॉक पहचानता है और संख्याओं को संख्यॉकों से मिलाता है।
2 .सुन्य को "कुछ नही होने" अथवा "समूह में वस्तु के "न होने" के रूप में पहचानता है।
3. 1 से 20 तक की संख्याओं का इकाई और दहाई में विस्तार करके उनके स्थानीय मान की समझ प्रदर्शित करता है।
4. 1 से 100 तक की संख्याओं को बढते क्रम (आरोही) तथा घटते क्रम (अवरोही)में रखता है।
5. 1से 100तक के संख्यॉकों मे से किसी संख्यॉक के पहले का, किसी के बाद का, तथा किन्हीं दो के बीच का संख्यॉक पहचानता है।
6. 1से 100तक की संख्याओं की "कम" "ज्यादा" बराबर "सबसे ज्यादा" "सबसे कम" शब्दों का प्रयोग करके तुलना करता है।
7. 1से 100तक के संख्यॉको को लिखता है।
8. 10से 99तक की दो अको वाली सख्याओं का इकाई और दहाई में विस्तार करके उनके स्थानीय मान को समझता है। एवं बताता है।
9. 1से 10तक की क्रम सूचक संख्याओं (1,2,3)की समझ प्रदर्शित करता है।
10. दी गई वस्तुओं की संख्या, उन्हें दो-दो, पॉच-पॉच, दस-दस के समूहों में गिनकर पता लगाता है। (वस्तुओं की संख्या सौ से अधिक न हो)
11. 100 से 1000तक के संख्यॉक पचानता है एवं लिखता है।
12. 100 से 9999 तक की संख्याओं का इकाई दहाई और सैकडा में विस्तार कर तीन अंको की संख्या के स्थानीय मान की समझ प्रदर्शित करता है।
13. 100 से 1000तक की संख्याओं को बढते क्रम (आरोही)व घटते क्रम (अवरोही) में रखता है।
14. 100 से1000 तक के संख्याओं को किसी संख्या के पहले, बाद तथा किन्हीं दो संख्याओं के बीच के सख्यॉक के रूप में पहचानता है।
15. 100से 1000तक की संख्याओं में गणितीय चिन्हों >,<,= का प्रयोग करते हुए तुलना करता है।
16. सम और विषम संख्याओं की समझ प्रदर्शित करता है।
17. क्रमिक संख्याओं (11-100) की समझ प्रदर्शित करता है।
18. 1000 से 10,000तक के संख्यॉक पहचानाता है व लिखता है।
19. 1000 से 9999तक की संख्याओं का इकाई, दहाई, सैकडा और हजार में विस्तार करके चार अंको की संख्याओं के स्थानीय मान की समझ प्रदर्शित करता है।
20. 1000 से10,000 तक की संख्याओं को बढते क्रम (आराही) व घटते क्रम (अवरोही)में रखता है।
21. 1000 से 10,000 में से किसी संख्या के आगे का, किसी के पहले का तथा किसी दो संख्यॉकों के बीच का संख्यॉक पहचानता है।

22. 1000से 10,000 तक की सख्याओं में गणितीय चिन्हों >,<,=को लगागर तुलना करता है।
23. किसी संख्या के गुणज एव गुणनखंड की समझ प्रदर्शित करता है।
24. 50 तक की अभाज्य संख्याओ की समझ प्रदर्शित करता है।
25. 10,000से 10000000(एक करोड)तक की सख्या पहचानता है व लिखता है।
26. 10,000 से 999999 तक की संख्याओं का इकाई, दहाई, सैकडा, हजार, दस हजार तथा लाख में विस्तार करके संख्याओ की स्थानीय मान की समझ प्रदर्शित करता है।
27. 10,000 से 100000तक की संख्याओं को बढते क्रम (आरोही) व घटते क्रम में (अवरोही) मे रखता है।
28. 10,000 से 100000 तक के संख्यॉको मे से किसी संख्यॉक के आगे का, किसी सख्यॉक के पहले का तथा किन्हीं दो संख्याओ के बीच का संख्यॉक पहचानता है।
29. 10,000से 999999 तक की संख्याओ में गणितीय चिन्हो >,<,= का प्रयोग करते हुए तुलना करता है।
30. 100 से कम दो अको वाली सख्याओ का महत्म समापवर्तक निकालता है।
31. दो या तीन संख्याओ का लघुतम समापर्वर्तक निकालता है।

2.पूर्ण संख्याओं को जोडने, घटाने, गुणा व भाग करने की योग्यता:-

1. 0 से 18 तक की सख्याएं जिनका जोड 18 से अधिक न हो।
2. बडी संख्याओं में से छोटी सख्या अलग करने तथा दोनो संख्याओं का अंतर जानने के लिए 0 से 18तक की संख्याओं में घटाने की संक्रिया करता है।
3. गणितीय चिन्हों +, -,= की व्याख्या करता व लिखता है।
4. जोडने व घटाने के कौशलों द्वारा दैनिक जीवन की समस्याओं को मौखिक रूप से हल करता है।
5. दो अंको वाली दो या तीन संख्याओं को जिनका योगफल 99 से अधिक न हो, बिना हासिल के तथा हासिल के साथ जोडता एवं घटाता है।
6. 0 से 18 तक दो संख्याओ को जिनका योगफल 18 से अधि न हो, मौखिक रूप से जोडता व घटाता है।
7. गुणा के प्रत्यय की बार बार जोडने की क्रिया के रूप में समझ को प्रदर्शित करता है।
8. गुणा के चिन्ह X की व्याख्या करता है एवं लिखता है।
9. दो, तीन, चार, पॉच और दस के पहाडे मौखिक रूप से व्यक्त करता है व लिखता है।
10.,एक चरण में हल होने योग्य दैनिक जीवन की समस्याओं को दो,तीन,चार, पॉच और दस के पहाडे की सहायता से हल करता है।
11. तीन अंको वाली दो या तीन संख्याओ को हासिल के साथ जोडता एवं घटाता है। जिनका योगफल 999 से अधिक न हो।
12. एक चरण में हल होने वाले दैनिक जीवन की समस्याओं को जोडने व घटाने की, बिना हासिल वाली संक्रिया द्वारा जिनमें कोई भी संख्या 50 से बडी न हो, मौखिक रूप से हल करता है।
13. 10 से 1000 की बीच की किन्हीं संख्याओ में, जो 10 व 100के गुण्य हो और जिनमें एक संख्या दो अंको की हो-तथा हासिल न लगानी पडे, मौखिक रूप से जोडने व घटाने की संक्रिया करता है।

14. गुणा के प्रत्यय की बारबार जोडने की क्रिया के रूप में समझ प्रदर्शित करता है।
15. 2 से 10 तक के पहाडे मौखिक व लिखित रूप में जानता है।
16. 2 और 3 अंको की संख्याओ को एक अकीय संख्या से हासिल के साथ गुणा करता है।
17. "भाग" के प्रत्यय की बार बार घटाने की संक्रिया के रूप में समझ प्रदर्शित करता है।
18. 3 अंको वाली संख्या को 1 अंकीय संख्या से जिसमें न हासिल ली जाए न शेष बचें, भाग करता है।
19. एक चरण में हल होने वाली गुणा भाग की दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करता है।
20. गुणा व भाग की संक्रियाओं पर आधारित दैनिक जीवन की उन समस्याओं को जो एक चरण में हल हो सके और जिनमें गुणनखण्ड और शतजट 1 से 10 तक तथा गुणनफल और भाज्य 100 से अधिक न हो, मौखिक रूप से हल करता है।
21. 4 अंको वाली संख्याओं मे हासिल लेकर घटाने की संक्रिया करता है।
22. उन दो संख्याओं मे मौखिक रूप से जोडने और घटाने से संक्रियाएं करता है, जो पूरे हजार में हो और जिनकी संख्या किसी भी संक्रिया में 10,000 से बडी न हो।
23. गुणा की संक्रिया की विभिन्न शब्दावली जैसे गुण्य; गुणक, गुणनफल को समझता है।
24. 2 और 3 अंकों की संख्या मे 2 अंको वाली संख्या से गुणा की संक्रिया करता है। जिनका गुणनफल 9999 से अधिक.न हो।
25. भाग की संक्रिया की विभिन्न शब्दावली तथा भाजक, भाज्य, भजनफल व शेष को समझता है।
26. किसी संख्या मे 100 की मौखिक गुणा करता है, गुणनफल 10,000 से अधिक न हो।
27. 1 या 2 चरणों में हल होने योग्य दैनिक जीवन की समस्याओं को जोडने, घटाने, गुणा व भाग की चार मूल गणितीय सक्रियाओं में से किन्हीं दो पर आधारित हो और जिनमें योगफल, गुणनफल,और भाज्य 100 से अधिक न हो और गुनणखण्ड 10 से बडे न हो तथा जिनमें न कोई हासिल लगे न शेष बचे, मौखिक रूप से हल करता है।
28. ऐकिक नियम का उपयोग करके साधारण समस्याएं हल करता है।
29. 5 और 6 अंको की दो से चार संख्याओं को जिनका योगफल 999999 से अधिक न हो, जोडता है एवं घटाता है।
30. किसी संख्या को तीन अंको तक की किसी संख्या से गुणा करता है (गुणनफल 999999 से अधिक न हो)।
31. 2 अंको वाली किसी संख्या से 4 अंको वाली संख्या में भाग देता है जिसमें शेषफल हो या न हो।
32. जोडने, घटानें, गुणा व भाग की चारो संक्रियाओ में से किन्ही दो पर आधारित दैनिक जीवन की एक या दो चरणों हल होने वाली समस्याओं को मोखिक रूप से हल करता है। जबकि योगफल गुणनफल और भाज्य 100 से अधिक न हो और गुणनफल 10 बडे न हो और जिनमें न हासिल देने पडे और न शेष बचे।
33. ऐकिक नियम का प्रयोग दैनिक जीवन की संरल समस्याओ को हल करने में करता है।
34. "औसत" के अर्थ की समझ प्रदर्शित करता है और औसत की गणना करता है।
35. दिए गए ऑकडो से उचाई, प्राप्तांक, वर्षा, उपस्थिति आदि के औसत की गणना करता है।

3. मुद्रा,लम्बाई, भार (वजन)धारिता, क्षेत्र एवं समय के इकाईयों को उपयोग करने व इनसे संबंधित दैनिक जीवन की साधारण समस्याओं को हल करने की योग्यताः-

मुद्रा

1. विभिन्न मूल्यों के मुद्रा सिक्के और नोट पहचानता है।
2. विभिन्न प्रकार के वास्तविक अथवा खिलौने वाले सिक्कों के मेल से एक रूपए तक के मूल्य की राशि बनाता है।
3. दस रूपए तक के एक चरण वाले दैनिक लेन-देन में वास्तविक या खिलैने वाली मुद्रा के सिक्कों व नोटो का प्रयोग करता है।
4. साधारण मुद्रा समस्याओ को जोडने व घटाने का प्रयोग करके, बिना मुद्रा परिवर्तन किए, हल करता है। (जैसे साधारण खरीदारी का लेखा-जोखा) ।
5. दैनिक जीवन की समस्याओ को जिनमें एक रूपए तक पॉच व दस पैसों के गुणको का हिसाब हो, मौखिक रूप से हल करता है।
6. एक चरण में हल हो सकने योग्य दैनिक जीवन की वे समस्याएं जिनमें 50 रूपए तक पूरे रूपयों का हिसाब हो, मौखिक रूप से हल करता है।
7. जोडने, घटाने, गुणा व भाग की चार संक्रियाओ में से किन्हीं दो पर आधारित, साधारण मुद्रा संबंधी समस्याएं जैसे- दुकानदारी के हिसाब रूपए पैसे मे बदलने के साथ हल करता है।
8. क्रय-विक्रय संबंधी समस्याओं के हल करने में ऐकिक नियम का प्रयोग करता है।
9. दैनिक जीवन की मुद्रा संबंघी समस्याओं को जिनमें 50 रूपए तक के रूपए या पैसे की राशि का हिसाब हो, जोडने, घटाने, गुणा व भाग चारों में से किसी भी संक्रिया का प्रयोग करके मौखिक रूप से हल करता है।
10. लाभ/ हानि के सरल प्रश्न हल करता है।
11. लाभ/हानि सहित सरल मुद्रा संबंधी समस्याओ को हल करता है।
12. 5 वस्तुओं तक के दर और मात्रा दी हुई होने पर बिल बनाता है और उसकी व्याख्या करता है।
13. सरल ब्याज से संबंधित साधारण समस्याएं हल करता है।
14. दैनिक जीवन की एक चरण में हल हो सकने वाली मुद्रा संबधी समस्याओं को जिनमें 100 रूपये तक के रूपए पैसे का हिसाब हो, चार में से किसी भी गणितीय संक्रिया का प्रयोग करके मौखिक रूप से हल करता है।

लम्बाई

1. अपने निकट के परिवेश में विभिन्न वस्तुओं की लम्बाई नापने के लिए अमानक इकाईयों जैसे- बालिश्त, कदम, छडी आदि का प्रयोग करता है।
2. मीटर और सेंटीमीटर के आपसी सम्बध की समझ प्रदर्शित करता है।
3. परिवर्तन के बिना मीटर और सेंटीमीटर माप की दो लम्बाइयों को जोडता है।
4. बिना परिवर्तन किए, मीटर और सेंटीमीटर में व्यक्त दो लम्बाईयों में अतंर ज्ञात करता है।
5. परिचित वस्तुओ और छोटी दूरियों की, जो पॉच मीटर से अधिक न हो, लम्बाई का अमानक इकाईयों में अनुमान लगाता है।
6. किलोमीटर और मीटर के बीच का संबंध समझता है।
7. किलोमीटर को मीटर में और मीटर को सेंटीमीटर में बदलता है, तथा इसको विपरीत दिशा में भी बदलता है।

8. लम्बाई की मानक इकाईयों को एक दूसरे मे बदलने, चार गणितीय संक्रियाओ में से किसी एक अंक के प्रयोग तथा एक अंक से गुणा व भाग किए जाने सम्बन्धी एक चरण मे हल होने योग्य दैनिक जीवन की साधारण समस्याओं को हल करता है।
9. निकट परिवेश की वस्तुओ एवं छोटी दूरियों की लम्बाई को मीटर और सेंटीमीटर में नापता है।
10. परिचित वस्तुओ और छोटी दूरियो की लम्बाई का, जो पॉच मीटर से अधिक न हो - मानक और अमानक इकाईयों में अनुमान लगाता है और तुलना करता है।
11. किलोमीटर और मीटर या मीटर और सेंटीमीटर संबंधी एक चरण में हल हो सकने वाली सरल दैनिक समस्याओ को मौखिक रूप से हल करता है।
12. चार गणितीय संक्रियाओं में से किन्हीं दो पर आधारित लम्बाई की मानक इकाइयो को एक दूसरे में बदलकर उनसे संबंधित दैनिक जीवन की सरल समस्याओं को हल करता है।
13. निकट परिवेश में उपलब्ध वस्तुओं एव छोटी दूरियों मे सरल और वक्र रेखाओ को मीटर व सेटीमीटर में मापता है।
14. किलोमीटर और मीटर या सेटीमीटर संबंधी एक चरण में हल होने वाले दैनिक जीवन की सरल समस्याओ को जिनमें कोई सख्या 100 से अधिक न हो, एक से दूसरे में बदलने, हासिल लेने और शेष बचने की जरूरत न पडे तथा गुणा और भाग एक अंक की संख्या से की गई हो, मौखिक रूप से हल करता है।

भार (वजन)

1. निकट परिवेश की वस्तुओ को तौलने के लिए, खिलौना-तराजू का प्रयोग करके भार की अमानक इकाइयों जैसे- पत्थर, मनके आदि का प्रयोग करता है।
2. तौल की मानक इकाइयां जैसे- किलोग्राम और ग्राम (50 ग्राम, 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम, 1 किलोग्राम व 2 किलोग्राम) को पचानता है।
3. दो या तीन वस्तुओं का भार, जो किलोग्राम व ग्राम में दिए हो, एक दूसरे में बदले बिना जोडता है।
4. किन्हीं दो वस्तुओं के भार का अंतर, जबकि प्रत्येक वस्तु का भार किलोग्राम व ग्राम में व्यक्त किया गया हो, बिना इकाई परिवर्तन के ज्ञात करता है।
5. किलोग्राम को ग्राम में और ग्राम को क्रिलोग्राम में बदलता है।
6. किलोग्राम और ग्राम से संबधित सरल दैनिक समस्याओं को मौखिक रूप से हल करता है, जो एक चरण में हल हो जाए, (कोई संख्या 50 से अधिक न हो)।
7. भार की मानक इकाइयों से संबंधित सरल दैनिक समस्याओं को, जो एक ही चरण में हल हो सकें, चार में से दो संक्रियाओं द्वारा हल करता है।
8. किलोग्राम और ग्राम से संबंधित सरल दैनिक समस्याओं को मौखिक रूप से हल करता है, जो एक चरण में हल हो जाए, जिसमें पूर्ण संख्या 100 से अधिक न हो।

धारिता

1. धारिता की माप के लिए अमानक इकाइयो जैसे- प्याला,गिलास,बोतल आदि का प्रयोग करता है।
2. धारिता के माप की मानक इकाइयों के बीच के संबंध समझता है जैसे लीटर और मीलीलीटर।
3. बिना एक को दूसरे में बदले लीटर और मीलीलीटर में व्यक्त दो या तीन द्रवों के परिमाणों को जोडता है और उनका अंतर ज्ञात करके लिखता है।

4. अमानक इकाईयों के संदर्भ में जैसे- प्याले, माचिस की डिबिया, बोतलें आदि द्वारा धारिता के छोटे परिमाणो का अनुमान लगाता है।
5. लीटर को मीलीलीटर और मीलीलीटर को लीटर मे बदलता है।
6. धारिता की इकाइयों से जुडी एक चरण वाली सरल दैनिक समस्याओं को चार में से किसी एक संक्रिया को प्रयोग करके जिनमे गुणा व भाग, माप एक अंक की संख्या से किया जाए तथा इकाई परिवर्तन भी करना पडे, हल करता है।
7. लीटर व मीलीलीटर से संबंधित एक चरण वाले सरल दैनिक समस्यों को मौखिक रूप से हल करता है। जिनमें कोई संख्या 50 से अधिक न हो।
8. चार में से दो संक्रियाओं का प्रयोग करके धारिता की मानक इकाइयों से सबंधित सरल दैनिक समस्याओं को इकाई परिवर्तन करके हल करता है।
9. लीटर और मीलीलीटर से संबंधित सरल, एक चरण में हल होने योग्य दैनिक समस्याओ को,(जिनमें 100 से अधिक की सख्यां न हो) मौखिक रूप से हल करता है।

त्र

1. अमानक इकाइयों जैसे- ईट,टाइल,माचिस की डिब्बी आदि का प्रयोग करके आयाताकार वस्तुओ के पृष्ठ तल के क्षेत्रफल की गणना करता है।
2. वर्ग और आयताकार वस्तुओ जैसे- माचिस की डिब्बी, ईट, टाइल आदि द्वारा क्षेत्रफल के छोटे मापों का अनुमान (अमानक इकाइयो में) लगाता है।
3. निकट परिवेश में उपलब्ध आयताकार, वर्गाकार या त्रिभुजाकार आकृति की वस्तुओं के पृष्ठों जैसे-कक्षा का कमरा, कापी आदि को परिमिति मानक एवं अमानक इकाइयों में मापता है।
4. निकट परिवेश की वस्तुओं जैसे- स्लेट, कापी, कक्षा का कमरा, फर्श, खेल का मैदान आदि का क्षेत्रफल वर्ग सेंटीमीटर और वर्ग मीटर में निकालने के लिए सूत्र का प्रयोग करता है।
5. निकट परिवेश की वस्तुओ जैसे- स्लेट, कापी, कक्षा का कमरा, फर्श, खेल का मैदान आदि के छोटे पृष्ठ-तल के क्षेत्रफल का मानक तथा अमानक इकाइयों में अनुमान लगाता है व उसकी तुलना करता है।
6. उपयुक्त सूत्र का प्रयोग करके क्षेत्रफल एवं परिमिति से सम्बन्धित सरल दैनिक समस्याओ को हल करता है।
7. निकट परिवेश की वस्तुओ जैसे- स्लेट, कापी, कक्षा का कमरा, फर्श, खेल का मैदान आदि के क्षेत्रफल का मानक व अमानक इकाइयों में अनुमान लगाता है और उसकी तुलना करता है।

मयः-

1. सप्ताह में दिनों के नाम क्रमानुसार बताता है।
2. दिनों का सप्ताहों से, सप्ताहों का महीनों से एवं महीनों का वर्ष से सम्बन्ध जानता है।
3. महीनों के नाम क्रमानुसार बताता है।
4. घडी में समय को घंटा आधा घंटा चौथाई घंटा तथा पॉच मिनट के अंतराल के रूप में पढता है।
5. कलैण्डर की व्याख्या करता है।
6. घंटो और मिनटों के हिसाब से घडी पढता है।
7. घंटों को मिनटों और मिनटों को घंटों में बदलकर आपस में जोडता है।

8. किसी क्रिया या घटना मे लगने वाले समय की गणना पूर्वाहन और अपराहन के भीतर करता है।
9. समय सबंन्धी उन सरल दैनिक समस्याओ को हल करता है, जिसमे हफ्तें, दिन, घंटे और मिनट हो।

भिन्न, दशमलव एवं प्रतिशत का प्रयोग करने की योग्यता:-

भिन्न:-

1. स्थुल वस्तुओं, चित्रों एवं कागज मोडकर भिन्न का अर्थ, क्षेत्र (स्थानिक)के अंश के रूप में मौखिक रूप से प्रदर्शित करता है।
2. समभिन्न सख्याओ का अर्थ जिसमें अंश व हर 10 से अधिक न हो, की एक क्षेत्र (स्थानिक) के अंशके रूप मे होने की समझ प्रदर्शित करता है।
3. किसी क्षेत्र के किसी भाग के रूप में भिन्न का अर्थ - जिसका हर 20 से अधिक न हो, की समझ प्रदर्शित करता है।
4. सम-भिन्न सख्याओ को किसी समूह/समुच्चय के किसी भाग के रूप में जिसमें हर 10 से अधिक न हो और समूह 100 से अधिक न हो, होने के अर्थ की समझ दर्शाता है (जैस- 49 का 1/7)
5. किसी दी गई भिन्न के समतुल्य भिन्न की समझ प्रदर्शित करता है जैसे- 1/2=2/4=4/8
6. समान हर वाले या समान अश वाले सम भिन्नों को बढते क्रम व घटते क्रम मे रखता है।
7. मिश्र-भिन्न को विषम-भिन्न में तथा विषम-भिन्न को मिश्र-भिन्न में (हर 20 से अधिक न हो)बदलता है।
8. समान हर वाले सरल सम-भिन्नो को जोडता है व घटाता है।
9. सरल सम भिन्नों को जिनका हर 10 से अधिक न हो बढते एवं घटते क्रम में रखता है।
10. सरल भिन्नों को सरलतम (लघुत्तम) रूप में लाता है।
11. 10 तक "हर" वाली भिन्नो एवं मिश्र भिन्नो को जोंडने एवं घटाने की संक्रिया करता है।
12. अधिक प्रयोग में आने वाली भिन्नों के कुछ रूपो को मौखिक रूप से जोडता व घटाता है जैसे- 1/2+1/4=3/4
13. 10 तक हर वाली दो भिन्नों का गुणा व भाग करता है तथा उत्तर को लघुत्तम रूप में व्यक्त करता है।

दशमलव:-

1. भिन्नों तथा मिश्र भिन्नों को दो दशमलव स्थान तक की दशमलव संख्या मे तथा दशभलव संख्या को भिन्नों तथा मिश्र भिन्नों मे बदलता है।
2. तीन दशमलव स्थान तक दशमलव का जोड करता है।
3. तीन दशमलव स्थान तक लम्बाई, वजन और धारिता की मापों को दशमलव में व्यक्त करता है।
4. तीन दशमलव स्थानो तक की सख्या को एक अंक की संख्या से गुणा व भाग करता है, जिसका गुणनफल और भाज्य तीन दशमलव स्थानो से अधिक न हो।
5. दशमलवों को जोडने, घटाने व तुंलना करने के द्वारा लम्बाई, वजन और धारिता की माप आदि पर आधारित दैनिक जीवन की समस्यायें हल करता है।

प्रतिशतः-

1. भिन्न और दशमलव को प्रतिशत में और प्रतिशत को भिन्न के लघुत्तम रूप व दशमलव में बदलता है।
2. किसी दी गई संख्या या माप का प्रतिशत ज्ञात करता है।
3. प्रतिशत का प्रयोग करके दैनिक जीवन की सरल समस्याओं को हल करता है।
4. अधिकांश प्रयोग में आने वाले प्रतिशत को भिन्न में और भिन्न को प्रतिशत में बदलता है जैसे-50%=1/2,1/4=25%

ज्यामितीय आकारों एवं स्थानिक सम्बन्धों को समझनाः-

1. चार मूल आकृतियो जैसे वृत, त्रिभुज, वर्ग एवं आयत को पहचानता है एवं उसके नाम बताता है।
2. चारों ज्यामितीय आकृतियों की मूल विशेषताओं की समझ दर्शाने के लिए, हाथ से वृत्त, वर्ग, त्रिभुज एवं आयत बनाता है।
3. पर्यावरण की विभिन्न प्रकार की ठोस वस्तुओं को आकृति के आधार पर, बिना उनके ज्यामितीय नामकरण को पहचानता है तथा उनका वर्गीकरण करता है।
4. परिवेश में उपलब्ध केवल समतल, केवल वक्र-तल तथा दोनों प्रकार के तलों वाली वस्तुओं के नाम बताता है।
5. सीधे अथवा वक्र किनारों की वस्तुओ का प्रयोग करके वृत्त, वर्ग, त्रिभुज एवं आयत की समतल आकृतियॉ बनाता है।
6. परिवेश में उपलब्ध विभिन्न ठोस वस्तुओं को उनके ज्यामितीय नामों के साथ यथा-घन, घनाभ,गोला, बेलन और शंकु पहचानता है तथा उनका वर्गीकरण करता है।
7. सीधे अथवा वक्र किनारों की वस्तुओं का प्रयोग करके वर्ग,आयत, त्रिभुज एवं वृत्त की समतल आकृतियॉ बनाता है।
8. त्रिभुज, आयत और वर्ग की विशेषताएँ बताता है।
9. फूटे (पटरी) की सहायता से दी गई लम्बाई के रेखा-खण्ड नापता तथा खींचता है।
10. कोणों का सम-कोण, न्यून-कोण एवं अधिक-कोण में वर्गीकरण करता है।
11. परिवेश की वस्तुओं तथा उनके चित्रों में सम-कोण न्यून-कोण व अधिक-कोण की पहचान करता है।
12. विभिन्न मापों के कोण चांदे की सहायता से खींचता है।
13. कोण और भुजा के आधार पर त्रिभुजों का वर्गीकरण करता है-समद्विबाहु, विषमबाहु व समबाहु।
14. सममित और असममित आकृतियों को पहचानता है।
15. पटरी आदि की सहायता से त्रिभुज, आयत एवं वर्ग खींचता है।
16. दी गई त्रिज्या का वृत्त परकार और पटरी की सहायता से खींचता है।
17. वृत्त से सम्बन्धित विभिन्न तत्वों (पदों) को तथा उनके आपसी सम्बन्ध को जानता है।
18. एक जोडी सरल आकृतियॉ एक दूसरे का प्रतिबिम्म है या नहीं, इस तथ्य को पहचानता है और परिवर्तन की रेखा खींच सकता है।
19. दो सरल आकृतियों में पहचानता है कि क्या एक को घुमाकर/पलटकर दूसरे की तरह दिखा सकते है।

परिशिष्ट -2
प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम अधिगम स्तर

पर्यावरण

समाजिक एवं भौतिक परिवेश के सम्बन्ध में अपनी भलाई के बारे में जागरूकता अर्जित करता है

हमारा शरीर एवं उसकी स्वच्छता:-

